Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 179 | मंगलवार, 01 जुलाई -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया


## 'पांच सालों में सभी गांवों में होंगी सहकारी संस्थाएं'

# गृह मंत्री का राज्यों से आग्रह कहा- प्राकृतिक खेती को दें बढ़ावा

**नई दिल्ली।**

सहकारिता के जरिए समृद्धि के प्रयासों के तहत केंद्र सरकार ने अगले पांच वर्षों के दौरान देश के सभी गांवों में सहकारी संस्थाएं खोलने का लक्ष्य रखा है। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता अमित शाह ने सोमवार को दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के मौके पर राज्यों के सहकारिता मंत्रियों के साथ "मंथन बैठक" की अध्यक्षता करते हुए राष्ट्रीय सहकारिता नीति जल्द बनाने की घोषणा की।

इसके तहत राज्यों की नीति उनकी जरूरत के अनुसार बनाई जाएगी। उन्होंने राज्यों के सहकारिता मंत्रियों को कृषि मंत्रियों के साथ मिलकर प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने का आग्रह किया, ताकि जनस्वास्थ्य और धरती दोनों का हित हो। यह भी कहा कि प्रत्येक राज्य का कम से कम एक सहकारी प्रशिक्षण संस्थान त्रिभुवन सहकारी यूनिवर्सिटी से जुड़े और राज्य के सहकारी प्रशिक्षण की समग्र व्यवस्था का नेतृत्व करे। बैठक का उद्देश्य सहकारिता आंदोलन को मजबूत करने के लिए चल रही योजनाओं की समीक्षा, उपलब्धियों का आकलन और सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक गतिशील मंच प्रदान करना है। अमित शाह ने कहा कि चालू वित्त वर्ष के फरवरी तक दो लाख नए पैक्स बनाने के लक्ष्य को प्राप्त कर लिया जाए। करोड़ों लोग जीवन को बेहतर बनाने के लिए उद्यम करना चाहते हैं, मगर पूंजी नहीं है। सहकारिता से यह संभव है, क्योंकि इसमें अपार संभावनाएं हैं। सरकार की 60 पहलों में राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस बनाना सबसे अहम है। इसके सहारे पता चल जाएगा कि किस राज्य के किस गांव में सहकारी संस्था नहीं है। सरकार का लक्ष्य पांच वर्षों में देश के सभी गांवों में कम से कम एक सहकारी संस्था खोलने का है। सहकारी डेटाबेस के जरिए यह आसान हो सकेगा।



## पटना एयरपोर्ट पर बम होने की सूचना से मचा हड़कंप



**पटना।** मेल के जरिए पटना एयरपोर्ट पर बम रखे जाने की सूचना से सोमवार को हड़कंप मच गया।

एयरपोर्ट डायरेक्टर को बम की धमकी दी गई थी। मेल की जानकारी मिलने के बाद सीआईएसएफ सहित थाना पुलिस और अन्य एजेंसियां एयरपोर्ट पर जांच में जुट गई। जांच में कुछ भी आपत्तिजनक सामान नहीं मिला। इस मामले में हवाई अड्डा थाने में केस किया गया है। तकनीकी अनुसंधान कर यह पता कर रही है कि मेल कहां से किया गया था? इसके पीछे कौन और उनकी मंशा क्या थी? एयरपोर्ट डायरेक्टर के ऑफिशियल मेल पर भेजे गए मैसेज में लिखा था कि एयरपोर्ट पर बम है, जो कभी भी फट सकता है। मेल मिलने के बाद एयरपोर्ट प्रशासन ने इसकी सूचना सुरक्षा एजेंसियों को दी।

## || सार संक्षेप

### इंग्लैंड ने लिया भारत से पिछली हार का बदला, एक विकेट से जीता मुकाबला




**नई दिल्ली।**

इंग्लैंड की अंडर-19 टीम ने आयुष म्हात्रे के नेतृत्व वाली भारतीय अंडर-19 टीम को एक विकेट से हराकर पिछली हार का बदला ले लिया। इस जीत के साथ मेजबानों ने सीरीज में 1-1 की बराबरी कर ली है। इंग्लैंड ने भारत की अंडर-19 टीम को नॉर्थैम्पटन में खेले गए दूसरे वनडे मैच में एक विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ मेजबानों ने पांच मैचों की वनडे सीरीज में 1-1 की बराबरी कर ली। सोमवार को खेले गए मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने 49 ओवर में 10 विकेट पर 290 रन बनाए। उनके लिए विहान मलहोत्रा ने सर्वाधिक 49 रन बनाए। जवाब में इंग्लैंड ने थॉमस रियू की कप्तानी पारी की मदद से 49.3 ओवर में नौ विकेट खोकर 291 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया।

### आज से पुराने वाहनों को नहीं मिलेगा तेल

**नई दिल्ली।**

वायु प्रदूषण को नियंत्रण में रखने के लिए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने दिल्ली के सभी पेट्रोल पंपों को अपनी निर्धारित उम्र पूरा कर चुके वाहनों को पेट्रोल और डीजल नहीं देने का निर्देश दिया है। राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार से 15 साल पुराने पेट्रोल और 10 साल पुराने डीजल वाहनों को ईंधन नहीं मिलेगा। सार्वजनिक स्थानों पर पाए जाने पर ऐसे वाहनों को जब्त कर सीधे स्क्रैप यार्ड भेजा जाएगा और चार पहिया वाहनों पर 10,000 और दोपहिया पर 5,000 रुपये का जुमार्ना लगाया जाएगा। वायु प्रदूषण को नियंत्रण में रखने के लिए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने दिल्ली के सभी पेट्रोल पंपों को



अपनी निर्धारित उम्र पूरा कर चुके वाहनों को पेट्रोल और डीजल नहीं देने का निर्देश दिया है। इसे लागू करने के लिए परिवहन विभाग ने दिल्ली पुलिस, यातायात पुलिस और दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के कर्मियों को शामिल करते हुए एक विस्तृत योजना तैयार की है।

## भारत में होगी चिनफिंग और पुतिन की सीक्रेट मीटिंग?



**नई दिल्ली।**

अमेरिका ब्रिक्स में भारत की सहभागिता को लेकर भले ही नाक-भौं चढ़ाये, लेकिन दस देशों के इस संगठन को लेकर किसी भी तरह के असमंजस में नहीं है। अगले हफ्ते सात जुलाई को रियो डी जेनेरो में ब्रीजाल के राष्ट्रपति लुला डॉ सिल्वा पीएम नरेन्द्र मोदी को ब्रिक्स संगठन के अगले अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपेंगे। अगर सब कुछ ठीक रहा तो वर्ष 2026 के भारत में होने वाले शिखर सम्मेलन में अमेरिका की आंखों में चुभने वाले राष्ट्रपति शी चिनफिंग, राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन और ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजेशकियान शिरकत करेंगे। भारतीय विदेश मंत्रालय ने इस बात की मंशा जता दी है कि जिस तरह से वर्ष 2023 में जी-20 शिखर सम्मेलन को भारत ने सफल आयोजन किया था

## 1 जुलाई से ट्रेन की टिकट होगी महंगी

**नई दिल्ली।**

अगर आपकी भी यात्रा के लिए पहली पसंद ट्रेन है तो ये खबर आपके लिए है। मंगलवार यानी एक जुलाई से रेलवे कई बदलाव करने जा रहा है। कल से ट्रेन की टिकट बुक करने के लिए यात्रियों को अधिक पैसे खर्च करने पड़ेंगे। नए नियमों के अनुसार, एक जुलाई से मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों में नॉन-एसी क्लास के किराए में 1 पैसे और सभी एसी क्लास के किराए में 2 पैसे प्रति किलोमीटर की बढ़ोतरी हो जाएगी। यानी आपको रेल टिकट खरीदने के लिए अपनी जेब अधिक ढीली करनी पड़ेगी। बता दें कि इस संबंध में रेल मंत्रालय के अधिकारियों ने 24 जून को प्रस्तावित किराया संशोधन का संकेत दिया था। अब नए किराए को 1 जुलाई से लागू कर दिया जाएगा।

**रेलवे ने जारी किया आदेश**




बता दें कि ट्रेनों और क्लास श्रेणियों के अनुसार किराया तालिका वाला आधिकारिक आदेश सोमवार को जारी किया गया। इन सब के बीच रेलवे ने उन यात्रियों को राहत दी है, दो मासिक सीजन टिकटों पर यात्रा करते हैं। रेलवे ने दैनिक यात्रियों के हित में उपनगरीय ट्रेनों और मासिक सीजन टिकटों के किराए में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इसके साथ ही 500 किलोमीटर तक साधारण द्वितीय श्रेणी के किराए में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है और इससे अधिक दूरी के लिए टिकट की कीमतों में आधा पैसा प्रति किलोमीटर की बढ़ोतरी की गई है। साधारण स्लीपर क्लास और प्रथम श्रेणी के यात्रियों को भी 1 जुलाई से ट्रेन यात्रा के लिए आधा पैसा प्रति किलोमीटर अधिक देना होगा।

## जयशंकर खोलेंगे पाकिस्तान की पोल

# पाक-अमेरिकी गलबहियों के बीच भारत उठाएगा सीमा पार आतंकवाद का मुद्दा

**नई दिल्ली।**

अमेरिका और पाकिस्तान के बीच रिश्तों में नई सरगर्मी शुरू होने के बावजूद सीमा पार आतंकवाद को लेकर भारत के रूख में जरा सी भी बदलाव की उम्मीद नहीं है। इस हफ्ते जब अमेरिकी प्रशासन के साथ विदेश मंत्री एस जयशंकर की बात होगी तो उसमें पाकिस्तान समर्थित सीमा पार आतंकवाद का मुद्दा बहुत ही अहम रहेगा। यही नहीं मंगलवार को क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में भी भारतीय विदेश मंत्री सीमा पार आतंकवाद पर जोर देंगे। विदेश मंत्रालय ने बताया है कि अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो के आमंत्रण पर जयशंकर 30 जून से दो जुलाई, 2025 तक अमेरिका की यात्रा पर रहेंगे। एक जुलाई को अमेरिका, भारत, जापान और आस्ट्रेलिया के विदेश मंत्रियों की क्वाड संगठन के तहत बैठक होगी। यह छह महीने में क्वाड विदेश मंत्रियों की दूसरी बैठक होगी। क्वाड विदेश मंत्रियों की पिछली बैठक 21 जनवरी, 2025 को हुई थी। पिछली बैठक के दौरान क्षेत्रीय और वैश्विक जिन मुद्दों पर बात हई थी उसे इस बार आगे बढ़ाया जाएगा। भारतीय विदेश मंत्रालय की तरफ से बताया गया है कि क्वाड बैठक में हिंद प्रशांत की स्थिति को लेकर नये प्रस्तावों पर चर्चा होगी। लेकिन यह माना जा रहा है कि जिस तरह से ट्रंप प्रशासन ने अपनी नीतियों से अन्य सभी सदस्य देशों के साथ रिश्तों को असहज किया है, उसका असर भी बैठक में दिखेगा। कूटनीतिक सूत्रों का कहना है कि, पिछले छह महीने में वैश्विक माहौल में काफी बदलाव आया है। क्वाड की स्थापना करने में अहम भूमिका निभाने वाले अमेरिका की नई सरकार ने अपने कुछ फैसलों से इस संगठन के अन्य तीनों देशों के साथ रिश्तों को असहज किया है।



खास तौर पर ट्रंप सरकार की शुल्क नीति से जापान, आस्ट्रेलिया और भारत के साथ कारोबारी रिश्तों के लिए समस्या पैदा हुई है। सभी सदस्य देश इस बारे में अपना रूख रख सकते हैं।" सूत्रों का कहना है कि भारत के लिए सीमा पार आतंकवाद का मुद्दा बहुत ही अहम रहेगा। हिंद प्रशांत क्षेत्र में भारत कई देशों के साथ आतंकवाद के खिलाफ सहयोग पर काम कर रहा है। इस क्षेत्र में अमेरिका से भी भारत के बेहद करीबी रिश्ते हैं। जयशंकर की क्वाड के अन्य सभी तीनों देशों के विदेश मंत्रियों से अलग अलग बैठक में सीमा पार आतंकवाद और हाल ही में पहलगाम में हुए आतंकी हमले व इसके जवाब में भारत की कार्रवाई की जरूरत पर बात होगी।

## ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में सीमा पार आतंकवाद पर पाकिस्तान को घेरेगा भारत

**नई दिल्ली।** सीमा पार आतंकवाद को लेकर पाकिस्तान को कठघरे में खड़ा करने की एक बार फिर भारत पूरी कोशिश करेगा।

ब्राजील के रियो डी जेनेरो में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के बाद जारी होने वाले संयुक्त घोषणा पत्र में न सिर्फ पहलगाम हमले का जिक्र किए जाने की संभावना है, बल्कि ब्रिक्स देश किसी भी तरह के सीमा पार आतंकवाद की जमकर भर्त्सना करेंगे।

## पर्यावरण मंत्रालय ने शुरू किया बाध्यकारी कार्बन बाजार

**नई दिल्ली।**

पर्यावरण मंत्रालय ने भारत के पहले अनुपालन-आधारित कार्बन बाजार के हिस्से के रूप में 460 से अधिक औद्योगिक इकाइयों के लिए कानूनी रूप से बाध्यकारी ग्रीनहाउस गैस (जीएचजी) उत्सर्जन लक्ष्य प्रस्तावित करते हुए एक मसौदा अधिसूचना जारी की है। दरअसल, औद्योगिक उत्सर्जन पर अंकुश लगाने और डीकाबोर्नाइजेशन में तेजी लाने के उद्देश्य से यह कदम एल्युमीनियम, लोहा और इस्पात, पेट्रोलियम रिफाइनिंग, पेट्रोकेमिकल्स और टेक्सटाइल जैसे क्षेत्रों पर लागू होगा। बता दें कि 23 जून को जारी मसौदा कार्बन क्रेडिट ट्रेडिंग स्कीम (सीसीटीएस) 2023 का हिस्सा है। समाचार एजेंसी एएनआई के अनुसार, इस योजना के तहत नामित उद्योगों को समय के साथ उत्पादन की प्रति इकाई अपने जीएचजी उत्सर्जन को कम करना होगा। बता दें कि जिन नामित उद्योगों की यहां बात हो रही है उन्हें बाध्यकारी संस्थाएं के तौर पर जाना जाता है। मंत्रालय के मसौदे के अनुसार, बाध्यकारी संस्था संबंधित अनुपालन वर्ष में जीईआई लक्ष्यों को प्राप्त करेगी या भारतीय कार्बन बाजार से कार्बन क्रेडिट प्रमाणपत्र खरीदकर अपने जीईआई लक्ष्य को पूरा करेगी। माना जा रहा है कि यदि इन्हें लागू किया जाता है, तो ये लक्ष्य अंतिम अधिसूचना की तिथि से कानूनी रूप से लागू हो जाएंगे।



## आज से खुलेंगे प्रदेश के बेसिक और माध्यमिक स्कूल

**लखनऊ।**

यूपी में मंगलवार से बेसिक और माध्यमिक स्कूल खुल रहे हैं। बेसिक स्कूलों में अध्यापक पहले से आ रहे हैं। मंगलवार से बच्चे भी आने शुरू हो जाएंगे। प्रदेश में बेसिक व माध्यमिक शिक्षा विभाग के स्कूल गर्मी की छुट्टियों के बाद मंगलवार एक जुलाई से खुलेंगे। इसके साथ ही शैक्षिक सत्र 2025-26 की शुरूआत के साथ ही एक से 15 जुलाई तक स्कूल चलो अभियान का दूसरा चरण पूरे प्रदेश में चलाया जाएगा। इसके माध्यम से विद्यालयों में बच्चों का नामांकन बढ़ाने के लिए शिक्षक, विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य व मां समूह के सदस्य घर-घर जाएंगे। वहीं कक्षा एक से तीन तक के 45 लाख से अधिक बच्चों को नए सत्र की किताबें भी मिल जाएंगी। प्रदेश में परिषदीय विद्यालयों में 20 मई से 15 जून तक गर्मी की छुट्टियां थीं। 16 जून से शिक्षकों-शिक्षामित्रों आदि के लिए विद्यालय खुले लेकिन बच्चों के लिए छुट्टियां 30 जून तक बढ़ा दी गई थीं। पहले दिन विद्यालय खुलने पर बच्चों का रोली-चंदन लगाकर स्वागत किया जाएगा। बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से निर्देश दिया गया है कि स्कूलों को सजाया जाए। वहीं मिड-डे-मील में खीर, हलवा आदि परोसा जाएगा। राज्य सरकार ने सभी जिलों में स्कूल चलो अभियान के लिए दो लाख रुपये का बजट स्वीकृत किया है। घर के कार्यों या सामाजिक कारणों से स्कूल से दूर रहने वाली बालिकाओं के नामांकन और उपस्थिति पर विशेष बल दिया जाएगा। अब तक स्कूलों में 1.40 करोड़ बच्चों का नामांकन कराया जा चुका है। बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल ने अधिकारियों को निर्देश दिया है बच्चों को डीबीटी की जा चुकी है।

**15 जुलाई तक चलेगा स्कूल चलो अभियान, यह होगी टाइमिंग**



## संपादक की कलम से

# नागरिकता का आधार

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और एमआईएम नेता–सांसद ओवैसी के आरोप हैं कि भारत सरकार चोरी–छिपे राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) लागू करना चाहती है, नतीजतन मुसलमानों की एक अवांछित आबादी की नागरिकता रद्द की जा सकेगी। ममता बनर्जी ने बंगाल में एनआरसी लागू नहीं करने की घोषणा भी की है। नागरिकता का यह विवादित मुद्दा पुराना है। सर्वोच्च अदालत की निगरानी में असम और पूर्वोत्तर के कुछ अन्य राज्यों में, प्रयोग के स्तर पर, एनआरसी की कवायद की गई थी। दरअसल यह न तो



ललित शर्मा
संपादक

असंवैधानिक अभियान है और न ही मुसलमानों की नागरिकता रद्द की जा रही है। किसी भी सरकार को नागरिकता छीनने का अधिकार नहीं है। यह सर्वोच्च अदालत के स्तर पर कई बार दोहराया जा चुका है। गौरतलब यह भी है कि भारत सरकार ने एनआरसी का निर्णय अभी तक नहीं लिया है। फिलहाल जनगणना और जातीय गणना के विराट अभियान सामने हैं, जिन्हें मार्च–अप्रैल, 2027 तक पूरा करने के लक्ष्य तय किए गए हैं। वैसे एनआरसी जनगणना का ही एक प्रारूप है। यदि जनगणना पर आपत्ति नहीं है, तो एनआरसी पर चीखा–चिल्ली क्यों मचाई जा रही है? दरअसल हमारा विषय यह है कि एक औसत भारतीय की नागरिकता के तय मानक क्या हैं? यह देश अधिकतर गांवों, पिछड़े इलाकों और बाढ़–बारिश से ग्रस्त क्षेत्रों में बसने को बाध्य है। नागरिकता के लिए कई दस्तावेज अपेक्षित हैं, जिन्हें पेश करना मुश्किल है। उन संदर्भों में अहम सवाल है कि आधार कार्ड नागरिकता का पात्र, मानक आधार क्यों नहीं है? जनवरी, 2009 में तत्कालीन मनमोहन सरकार ने भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण का गठन किया था और इंफोसिस के सह–संस्थापक नंदन नीलेकणि को उसका प्रथम अध्यक्ष बनाया गया था। आधार कार्ड सितंबर, 2010 में लागू हो गया। आज देश के 125 करोड़ से अधिक लोगों के पास आधार कार्ड है। उसमें नाम, पिता का नाम, जन्म–तिथि, पता और व्यक्ति के बॉयोमीट्रिक चिह्न आदि सब कुछ दर्ज हैं। प्राधिकरण के नाम में भी पहचान शब्द जुड़ा है। आज आयकर रिटर्न, बैंक खाते के संचालन, सरकार की विशेष सामाजिक सुरक्षा वाली योजनाओं का लाभ, बच्चों का स्कूल में दाखिला, म्यूचुअल फंड्स अथवा शेयर बाजार में निवेश करने, सिम कार्ड खरीदने, नौकरी में प्रवेश करते समय आधार कार्ड का प्रस्तुतीकरण अनिवार्य है। सरकार ने पैन कार्ड और बैंक खातों को आधार से अनिवार्य तौर पर लिंक करा दिया है। अब मतदाता पहचान पत्र को भी आधार कार्ड से जोडे पर विचार किया जा रहा है। यदि आधार कार्ड इतना महत्वपूर्ण और प्रामाणिक दस्तावेज है, तो उसके आधार पर किसी की नागरिकता तय करने में क्या दुविधा है? मतदाता कार्ड भी अत्यंत मौलिक, साक्ष्य वाला दस्तावेज है। उसे नागरिकता का आधार मानक क्यों नहीं माना गया है? सरकार दलीलें देती रही है कि आधार कार्ड और मतदाता कार्ड एक निश्चित गिरोह द्वारा फर्जी बनाए जाते रहे हैं। यह सरकार की ही नाकामी है। फर्जी और नकली तो पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, राशन कार्ड भी बन रहे हैं। नकली पहचान बना कर आतंकवादी संसद भवन में घुस गए थे। सरकार इन नकलबाजों को क्यों नहीं रोक पाई है? यह सरकार के लिए गंभीर चुनौती भी है। देश में करोड़ों घुसपैठिया बांग्लादेशी और रोहिंग्या मुसलमान व्याप्त हैं, दशकों से सक्रिय हैं, उनके पास फर्जी कार्ड भी होंगे, वे वोट बैंक भी हैं, कमोबेश भाजपा–एनडीए सरकार उन्हें देश से बाहर क्यों नहीं कर पाई? बहरहाल किस्तों में ये अभियान जरूर दिखाई देते हैं। सरकार ने जिन दस्तावेजों को नागरिकता के आधार के तौर पर स्वीकार किया है, वे प्रवासी नौकरी–मजदूरी करने वालों के लिए मुश्किल हो सकते हैं। जन्म प्रमाणपत्र स्कूल–कॉलेज तक तो मिल सकते हैं, उसके बाद कामकाजी जिंदगी शुरू होती है, ऐसे प्रमाणपत्र कौन लेकर चलता है? माता–पिता के जन्म प्रमाणपत्र कहां से लाएं? मूल निवास छोड़ कर व्यक्ति दिल्ली या किसी अन्य महानगर में काम कर रहा है, मूल निवास पर माता–पिता भी दिवंगत हो चुके हैं, तो वह प्रमाणपत्र कहां से पेश किया जा सकता है? आधार कार्ड प्रामाणिक दस्तावेज लगता है।

## राष्ट्रीय डॉक्टर्स दिवस- 1 जुलाई, 2025

# रोगी के लिये स्वस्थ जीवन की मुस्कान देते हैं डॉक्टर्स



ललित गर्ग



स्वस्थ जीवन हर किसी की सर्वोच्च जीवन प्राथमिकता होता है। कहा भी गया है कि, सेहत सबसे बड़ी पूंजी है। स्वस्थ व्यक्ति ही जीवन को सही तरह से एन्जॉय करते हुए उसे सफल एवं सार्थक बना सकता है और इसमें डॉक्टर्स की भूमिका बहुत अहम होती है। छोटी-बड़ी हर तरह की बीमारियों को डॉक्टर्स की मदद से ठीक किया जा सकता है। शायद इसलिए ही इन्हें भगवान का दर्जा मिला हुआ है। राष्ट्रीय डॉक्टर्स दिवस प्रसिद्ध डॉक्टर और बंगाल के दूसरे मुख्यमंत्री डॉ. बिधानचंद्र राय के सम्मान में मनाया जाता है। वैसे तो दुनियाभर के अलग-अलग देशों में डॉक्टर्स डे को अलग-अलग दिन मनाया जाता है, लेकिन भारत में इस दिन को 1 जुलाई को इसलिये मनाया जाता है क्योंकि 1 जुलाई 1882 में भारत के प्रसिद्ध फिजीशियन डॉ. राय का जन्म हुआ था और उनका निधन भी 1 जुलाई को ही साल 1962 में हुआ था। चिकित्सा क्षेत्र में उनके योगदान को सम्मान देने के मकसद से डॉक्टर्स डे मनाने की शुरूआत की गई थी। यह दिन उन डॉक्टरों को समर्पित होता है जो हमारी सेहत का ध्यान रखते हुए हमें नया जीवनदान देते हैं। साथ ही हमें बीमारियों से बचाने में मदद करते हैं। हल्का सा भी हम अगर बीमार पड़ते हैं तो तुरंत ही डॉक्टर के पास भागते हैं। 2025 की थीम है मास्क के पीछेः देखभाल करने वालों की देखभाल उन लोगों की देखभाल की आवश्यकता को उजागर करती है जो हमारी देखभाल करते हैं। यह थीम इस तथ्य की ओर ध्यान आकर्षित करती है कि दूसरों की सेवा करते समय, डॉक्टर अक्सर अपने मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य की उपेक्षा करते हैं। इस थीम का उद्देश्य बेहतर कार्य परिस्थितियां, मानसिक स्वास्थ्य सहायता और समाज से उनके लिए उचित सम्मान सुनिश्चित करना है। बहुत से लोग इस दिन का उपयोग अपने देश में डॉक्टर्स द्वारा किए गए अद्भुत कार्यों का सम्मान करने के लिए करते हैं। एक डॉक्टर मरीज को स्वस्थ करते हुए आशा नहीं खोता-वह हर चुनौती का जोरदार मुस्कान के साथ सामना करता है, चाहे परेशानी एवं बीमारी कितनी भी गंभीर क्यों न हो। वास्तव में डॉक्टर्स की निःस्वार्थता एवं सेवाभावना उन्हें रोगियों के लिए स्वर्गदूत बनाती है, एक फरिश्ते के रूप में वे जीवन का आश्वासन बनते हैं और उनका बलिदान-योगदान उन्हें मानवीय सेवा का योद्धा बनाता है। डॉक्टर्स डे डॉक्टरों द्वारा समुदायों के उपचार, सुरक्षा और समर्थन में अक्सर बड़ी व्यक्तिगत कीमत पर निभाई जाने वाली महत्वपूर्ण भूमिका का सम्मान करता है। डॉक्टर्स न केवल महामारी या संकट के दौरान बल्कि हर दिन, गांवों, कस्बों और शहरों में मेडिकल प्रोफेशनल्स द्वारा निभाई जाने वाली भूमिका की सार्वजनिक स्वीकृति के रूप में कार्य करता है। सामान्य चिकित्सकों से लेकर विशेषज्ञों और सर्जनों तक, यह दिन उन सभी का सम्मान करता है जिन्होंने उपचार और सेवा करने की शपथ ली है। इस दिवस पर मरीज और समुदाय भी कृतज्ञता और आशा की कहानियां साझा करने के लिए सोशल मीडिया का सहारा ले रहे हैं। जैसाकि भारत नई सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौतियों का सामना कर रहा है, राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस एक उत्सव और एक ऐसी प्रणाली बनाने के लिए कार्रवाई का आह्वान है, जहां डॉक्टरों को न केवल देखभाल करने वाले के रूप में सम्मानित किया जाता है, बल्कि बदले में उनकी सुरक्षा, सम्मान और देखभाल भी की जाती है। डॉक्टर कई महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाते हैं जो सिर्फ बीमारी का निदान और उपचार करने से कहीं आगे तक फैली हुई हैं। उनके काम में चिकित्सा ज्ञान, चिकित्सा नवाचार, संचार और करुणा का संयोजन शामिल है ताकि रोगियों को पूरी तरह से सहायता मिल सके, नये भारत-सशक्त भारत के निर्माण में उनकी सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका है।

डॉक्टरों की भूमिकाएं उनके काम करने के स्थान के आधार पर अलग-अलग होती हैं। अस्पतालों में, वे विशेष उपचार या आपातकालीन देखभाल पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं। क्लीनिकों और ग्रामीण केंद्रों में, वे अक्सर सामान्य स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करते हैं, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि चिकित्सा सहायता दूरदराज के क्षेत्रों में लोगों तक पहुँचे। इन विविध जिम्मेदारियों के माध्यम से, डॉक्टर व्यक्तिगत और सार्वजनिक स्वास्थ्य में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं, तथा हर दिन सकारात्मक बदलाव लाते हैं। भारत चिकित्सा नवाचार और प्रौद्योगिकी में वैश्विक नेता है। भारत देश केवल एक विशाल आबादी वाला देश नहीं है, बल्कि इसने चिकित्सा-क्रांति को घटित करते हुए दुनिया में चिकित्सा-सेवा के नये दीप प्रज्ज्वलित किये हैं। डॉक्टर बनना आसान नहीं है, फिर भी आप इसे बड़ी सहजता से और हमेशा मुस्कुराते हुए करते हैं। हर कोई डॉक्टर नहीं बन सकता क्योंकि हर किसी के पास मरीजों को निस्वार्थ भाव से अपनी सेवाएं देने के लिए ज्ञान, कौशल और धैर्य नहीं होता।

हर बीमारी के लिये एक एक्सपर्ट होता है। अगर आपको सर्दी-जुकाम, खांसी, बुखार या फिर मौसमी बीमारी ने जकड़ लिया है तो आपको फिजिशिनय या जनरल फिजिशियन से मिलना चाहिए। वहीं आंख, कान, नाक, टॉन्सिल, सिर या गर्दन की समस्या के लिये ईएनटी स्पेशलिस्ट होते हैं। ये साइनस का भी इलाज करते हैं। अगर आपको दिल से जुड़ी कोई दिक्कत है तो कार्डियोलॉजिस्ट के पास जाना बेहतर होता है। कोलेस्ट्रॉल लेवल के बढ़ने पर आप इन डॉक्टर के पास जाएं। इसके अलावा अगर आप तनाव में रहते हैं तो साइकोलॉजिस्ट से मिलना होता है। कैंसर की बीमारी के लिये आपको ओन्कोनोजिस्ट के पास जाना चाहिए।

अगर आपको आंखों में कोई समस्या है, जलन, खुजली, रेडनेस या इन्फेक्शन से जूझ रहे हैं तो इसके लिए नेत्र रोग विशेषज्ञ के पास जाएं। प्रेग्नेंसी से लेकर डिलीवरी, या फिर ब्रेस्ट, यूटीआई, पीरयड्स, की समस्या हो रही है तो गायनोकोलॉजिस्ट की मदद लें। दिमागी बीमारी के लिये न्यूरोलॉजिस्ट के पास जाने की सलाह दी जाती है। कई बार सही डॉक्टर से समय पर इलाज न मिलने की वजह से भी बीमारी और बढ़ जाती है। शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं मानवीयता जैसे सभी पहलुओं के माध्यम से रोगी की देखभाल करने एवं उनको स्वस्थ बनाने के लिए अनुभवी एवं विशेषज्ञ डाक्टरों की सेवाएं वरदान है। डॉक्टर्स भगवान का रूप होते है, वे ही इंसान के जन्म के पहले साक्षी बनते हैं और उनमें करुणा एवं स्वस्थता का बीज बोते है। एक रोगी को स्वस्थ करने में वे अपना सब कुछ हंसते हुए दे देते हैं, चाहे उनका अपना पारिवारिक सुख हो, करियर हो, जीवन की खुशियां हो या सपने हों, सबकुछ झोंक देते है।

डॉक्टर्स अपने सुख-दुख को त्याग कर मरीजों के लिए जीते हैं, समाज को रोगमुक्त रखने में अहम भूमिका निभाते हैं, कोविड संक्रमण के दौरान डॉक्टर्स ही थे, जो एक योद्धा की तरह हर मुश्किल घड़ी में अपनी जान की परवाह किये बिना मरीजों के साथ घंटों लगातार ड्यूटी कर रहे थे। कई डॉक्टर्स ने अपनी जान भी गंवा दी। इन डॉक्टर्स के बलिदान को भी आज के दिन याद किया जाता है। डॉक्टरों की सेवाएं बहुत महत्वपूर्ण हैं क्योंकि वे बीमारियों का निदान, उपचार और रोकथाम करते हैं, जिससे लोगों का स्वास्थ्य और कल्याण सुनिश्चित होता है। वे आपातकालीन स्थितियों में जीवन रक्षक सहायता प्रदान करते हैं और बीमारियों के बारे में जागरूकता फैलाते हैं। डॉक्टर लोगों को स्वस्थ जीवनशैली के बारे में शिक्षित करते हैं, जिससे वे अपनी बीमारियों को बेहतर ढंग से समझ सकते हैं और उनका प्रबंधन कर सकते हैं। डॉक्टर मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे लोगों को सहायता और उपचार प्रदान करते हैं। डॉक्टर स्वास्थ्य अभियानों और कार्यक्रमों में भाग लेकर समुदायों में स्वास्थ्य को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। डॉक्टर स्वास्थ्य सेवा प्रणाली का एक अभिन्न अंग हैं और समाज के समग्र कल्याण में योगदान करते हैं। आम दिन हो या महामारियों के खिलाफ जंग, ये डॉक्टर्स बिना किसी डर के सहजता और उत्साह से अपने कर्तव्य का पालन करते हैं। इसलिए नहीं कि यह उनका काम है और उसके लिए उन्हें पैसे मिलते हैं। इसलिए कि वे सबसे पहले दूसरों के स्वस्थ होने और उनकी जान की फिक्र करते हैं, ऐसी मानवीय सेवाएं देने वाले इन डॉक्टर्स रूपी अद्भूत फरिश्तों के सम्मान, कल्याण एवं प्रोत्साहन का चिन्तन अपेक्षित है। उससे निश्चित ही डॉक्टर्स की सेवाएं अधिक सक्षम, प्रभावी एवं मानवीय होकर सामने आयेगी।



उदय किशोर साह

नमन मंच

कविता

भोले शंकर की तरह हलाहल पिया
अपनों से ही मैं अपमान लिया
ये कौन सी खता का ईनाम पाया
खुद का हँसता जीवन में आग लगाया

ना चाहते हुए भी तुमसे नाता जोड़ा
फिर तुमने मेरे विश्वास को है तोड़ा
ये कौन सी खता का ईनाम पाया
भरे महफिल में तुमसे बदनाम लिया

सोंचा था अपना भी होगा आशियाना
मिलकर हम बसायेगें नई जमाना
ये कौन सी खता का ईनाम पाया
मैंने खुद को बहुत क्यूं ना स्मझाया

चाहत की फसल था हमने यहाँ बोया
ना चाहते हुए भी मैंने तुमको है खोया
ये कौन सी खता का ईनाम पाया
जीते जी मरने को शमशान आया

मत करना यारों यहाँ प्यार का खेल
जीवन को कष्ट देने का है ये चन्द मेल
ये कौन सी खता का ईनाम पाया
हँसता खेलता जीवन का शाप लिया

# अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्ति दिवस 3 जुलाई 2025-सिंगल यूज प्लास्टिक के भयंकर नकारात्मक परिणामों व पर्यावरण प्रदूषण को रेखांकित करना जरूरी



गोंदिया

वैश्विक स्तरपर वर्तमान बदलते परिपेक्षमें हम अति तीव्र गति से विकास तो कर रहे हैं, परंतु ठीक उसी अंदाज में ही हमारे लिए पर्यावरण नुकसान के रूपमें परेशानियां, विभिशक्ता, नुकसान की खाई भी बढ़ती जा रही है इसीलिए बड़े बुजुर्गों वह बुद्धिजीवियों ने कहा है कि आधुनिक सुख सुविधाओं का उपयोग लेने से पहले उनके विपरीत परिणाम के बारे में भी ध्यान रखें, मैं एडवोकेट किशन सनमुख दास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र, ऐसा मानता हूं कि अच्छे इरादों और ढेर सारे नियमों के बावजूद प्लास्टिक के खिलाफ भारत की जंग को चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन कुछ उत्साहजनक संकेत मिल रहे हैं जो यह बताते हैं कि यह लड़ाई अभी हारी नहीं है। तथ्य यह है कि प्लास्टिक अपशिष्ट को नियंत्रित करने वाला नियामक ढांचा, यद्यपि व्यापक है, तथापि अस्पष्ट परिभाषाओं और छूटों को संबोधित करने के लिए सुधार की आवश्यकता है, जो वर्तमान में प्रवर्तन को कठिन बनाते हैं।संस्कृतिक श्लोकों में भी आया है पर्यावरणनाशेन नश्यन्ति सर्वजन्तवः।?पवनः दुष्टतां याति प्रकृतिविकृतायते ।।?हिंदी अर्थः- हमारे पर्यावरण के प्रदूषण (विनाश) के कारण सभी प्राणी नष्ट हो जाते हैं, हवाएं खराब हो जाती हैं और प्रकृति शत्रुतापूर्ण हो जाती है।? आज विषय आज इस विषय पर हम चर्चा इसलिए कर रहे हैं क्योंकि 3 जुलाई 2025 को प्लास्टिक बैग मुक्ति दिवस है,इसलिए आज हम चिन्हित एकल उपयोग वाली प्लास्टिक वस्तुओं से पर्यावरण को होने वाले दुष्परिणामों को ध्यान में रखते हुए इसके उपयोग को खुद भी रोकना है और पूरे विश्व को इसके लिए जनजागृत करने में प्रभावी जनभागीदारी पर इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे।

साथियों बात अगर हम सिंगल यूज प्लास्टिक और प्लास्टिक बैग के दुष्प्रभावों के बारे में जानने की करें तो, प्लास्टिक बैग के बारे में 5 तथ्य (1)प्लास्टिक की थैलियों को विघटित होने में 100 से 500 वर्ष लगते हैं।(2) हम हर साल 5 ट्रिलियन प्लास्टिक बैग बनातेहैं।(3) औसत व्यक्ति एक प्लास्टिक बैग का उपयोग 25 मिनट तक करता है। (4) दुनिया भर में हर मिनट हम 10 लाख प्लास्टिक बैग का उपयोग करते हैं। (5) प्लास्टिक थैलियों के कारण हर वर्ष लगभग 1,00,000 समुद्री जीव मारे जाते हैंपर्यावरण के लिए हानिकारक होने के अलावा, प्लास्टिक



बैग भी खराब तरीके से डिजाइन किए जाते हैं और शायद ही कभी उनका पुनर्चक्रण किया जाता है। प्लास्टिक बैग हमारे ग्रह के लिए एक बड़ी समस्या बने हुए हैं। हर साल, 8 मिलियन मीट्रिक टन प्लास्टिक समुद्र में जाकर मछलियों और वन्यजीवों को नुकसान पहुंचाता है। जब प्लास्टिक खाद्य श्रृंखला में प्रवेश करता है, तो यह मानव स्वास्थ्य को भी नुकसान पहुंचा सकता है।

साथियों बात अगर हम कुछ देशों द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक व बैगों के दुष्प्रभाव पर स्वतंत्र संज्ञान लेकर सख्त कदम उठाने की करें तो,कुछ स्थानों पर किसी भी तरह के प्लास्टिक बैग के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया गया है या नियम लागू किए गए हैं। ये उपाय करने वाले स्थानों में हवाई, उत्तरी कैरोलिना, इटली, चीन, अफ्रीका के कई देश और ऑस्ट्रेलिया और भारत शामिल हैं। कुल मिलाकर, लगभग 127 देश किसी न किसी तरह से प्लास्टिक बैग को नियंत्रित करते हैं। इन नियमों में प्लास्टिक बैग को चरणबद्ध तरीके से खत्म करना और दोबारा इस्तेमाल किए जा सकने वाले बैग के लिए प्रोत्साहन देना भी शामिल है। ज्यादातर लोग प्लास्टिक बैग का इस्तेमाल सिर्फ.एक बार करते हैं और फिर उसे फेंक देते हैं।सिंगल -यूज प्लास्टिक बैग ने कुछ शहरों को इन पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाने के लिए प्रेरित किया है। जिन जगहों पर डिस्पोजेबल प्लास्टिक शॉपिंग बैग पर प्रतिबंध लगाया गया है। साथियों बात अगर बिगड़ती पर्यावरण की स्थिति बिगड़ने की करें तो इससे होने वाले दुष्परिणामों पर वैश्विक स्तरपर रेखांकित किया जा रहा है और उनके अंतरराष्ट्रीय मंचों से पर्यावरण सुरक्षा संबंधी उपायों पर एकीकृत विचारों का संयोजन हो रहा है दुनिया के देशों से कार्बन उत्सर्जन की मात्रा शून्य करने के बारे में कहा जा रहा है जिसमें पेरिस समझौता महत्वपूर्ण उदाहरण है इसलिए पर्यावरण की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ही,पीआईबी के अनुसार ,चौथी संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण सभा में, भारत ने एकल उपयोग वाले प्लास्टिक उत्पादों के प्रदूषण से निपटने के लिए एक प्रस्ताव रखा था, जिसमें वैश्विक समुदाय द्वारा इस बहुत महत्वपूर्ण मुद्दे पर ध्यान केंद्रित करने की तत्काल आवश्यकता को स्वीकार किया गया था। यूएनईए 4 में इस प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया जाना एक महत्वपूर्ण कदम था। मार्च 2022 में संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण सभा के हाल ही में संपन्न पांचवें सत्र में, भारत प्लास्टिक प्रदूषण के खिलाफ वैश्विक स्तरपर कार्रवाई शुरू करने के संकल्प पर आम सहमति विकसित करने के लिए सभी सदस्य देशों के साथ रचनात्मक रूप से जुड़ा। साथियों बात अगर हम भारत की करें तो, पर्यावरण,वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने 16फरवरी, 2022 को प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन संशोधन नियम, 2022 के रूप में प्लास्टिक पैकेजिंग पर विस्तारित उत्पादकों की जिम्मेदारी पर दिशा-निदेर्शों को भी अधिसूचित किया है। विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व (ईपीआर) दरअसल उत्पाद की शुरूआत से अंत तक उसके पर्यावरण की दृष्टि से बेहतर प्रबंधन के लिए एक उत्पादक की जिम्मेदारी होती है। ये दिशा-निर्देश प्लास्टिक पैकेजिंग कचरे की चक्रीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने, प्लास्टिक पैकेजिंग के नए विकल्पों के विकास को बढ़ावा देने और कारोबारी जगत द्वारा टिकाऊ प्लास्टिक पैकेजिंग के विकास की दिशा में कदम बढ़ाने से संबंधित रूपरेखा मुहैया कराएंगे। साथियों बात अगर हम प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन संशोधन नियम 2021 की करे तो इसके अंतर्गत 75 माइक्रोन से कम मोटाई वाले प्लास्टिक कैरी बैग के निर्माण, आयात, संग्रहण, वितरण, बिक्री और उपयोग पर 30 सितंबर 2021 से और 120 माइक्रोन से कम मोटाई वाले इस सामान पर 31 दिसंबर, 2022 से प्रतिबंध लगाया गया है। जिसमें हाल ही में संशोधन कर 150 माइग्रेन कर दिया गया है। साथियों बात अगर हम माननीय पीएम के आह्वान की करें तो, उन्होंने 2022 तक एकल उपयोग वाली प्लास्टिक वस्तुओं को समाप्त करने के लिए दिए गए स्पष्ट आह्वान के अनुरूप, भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने 12 अगस्त 2021 को प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन संशोधन नियम, 2021 को अधिसूचित किया। आजादी का अमृत महोत्सव की भावना को आगे बढ़ाते हुए, देश द्वारा कूड़े एवं अप्रबंधित प्लास्टिक कचरे से होने वाले प्रदूषण को रोकने के उद्देश्य से एक निर्णायक कदम उठाया जा रहा है। भारत 1 जुलाई, 2022 से पूरे देशमें चिन्हित एकल उपयोग वाली प्लास्टिक वस्तुओं, जिनकी उपयोगिता कम और प्रदूषण क्षमता अधिक है, के निर्माण, आयात, भंडारण, वितरण, बिक्री और उपयोग पर प्रतिबंध लगाएगा।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# चोरी की घटनाओं पर लगेगा अंकुश: थानाध्यक्ष रामप्रताप

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



**नजीबाबाद।** क्षेत्र में लगातार बढ़ती चोरी और छीना-झपटी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए मंडावली पुलिस ने सक्रियता बढ़ा दी है। नांगल थाना क्षेत्र में एक ही रात में बाइक चोरी, घर में सेंधमारी और छीना-झपटी जैसी तीन घटनाएं सामने आने के बाद थाना अध्यक्ष रामप्रताप सिंह ने सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए एक विशेष योजना लागू की है।थाना अध्यक्ष ने न केवल पीसीआर व पैदल गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए हैं, बल्कि खुद भी रात्रि गश्त में भाग ले रहे हैं। वह ग्रामीणों के साथ मिलकर विभिन्न गांवों में भ्रमण कर लोगों से सीधा संवाद कर रहे हैं। रामप्रताप सिंह ने कहा, प्हमारा उद्देश्य है कि क्षेत्र की जनता खुद को पूरी तरह सुरक्षित महसूस करे। रात्रि गश्त के जरिए अपराधियों में भय और आम लोगों में विश्वास पैदा करना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने यह भी बताया कि ग्रामीणों और पुलिसकर्मियों के बीच समन्वय स्थापित किया जा रहा है, ताकि मिलकर कानून व्यवस्था को बेहतर बनाया जा सके। इस पहल को ग्रामीणों का भी भरपूर सहयोग मिल रहा है। वे पुलिस के साथ कंधे से कंधा मिलाकर रात्रि गश्त में भाग ले रहे हैं। ग्रामीणों ने थाना अध्यक्ष की इस पहल की सराहना करते हुए उन्हें पूर्ण सहयोग देने का संकल्प लिया है रात्रि गश्त के दौरान थाना अध्यक्ष रामप्रताप सिंह राजपुर नवादा, सिकरोड़ा, हरेवली,लालपुर, रघुनाथपुर, भागूवाला, मंडावली सहित सम्पूर्ण थाना क्षेत्र में भ्रमण करते नजर आए ग्राम राजपुर नवादा में थाना अध्यक्ष के साथ मौजूद रहेः कांस्टेबल पंकज कुमार, इमरान अहमद, ग्रामीण अनीस अहमद, भूरे, समीन अहमद, डॉक्टर कमेंदर प्रजापति और चंद्र प्रकाश उपाध्याय। ग्रामीणों और पुलिस के संयुक्त प्रयास से उम्मीद की जा रही है कि क्षेत्र में अपराध पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित होगा और शांति एवं सुरक्षा का माहौल बनेगा।

# जैन समाज की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने विधिवत शपथ ली

**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**



**रामपुर।** जैन मंदिर परिसर एक ऐतिहासिक और गरिमामय अवसर का साक्षी बना जहां जैन समाज की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने विधिवत शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन भव्य रूप से किया गया जिसमें समाज के सैकड़ों सदस्य मौजूद थे।

आयोजन की अध्यक्षता चुनाव अधिकारी पंकज जैन एड. ने की। उन्होने नवचयनित पदाधिकारियों को दायित्वों की शपथ दिलाई। शपथ लेने वालों में अध्यक्ष पद पर प्रमोद कुमार जैन एड, उपाध्यक्ष रमेश चंद्र जैन सेठी, महामंत्री कस्तूर चंद जैन, कोषाध्यक्ष अविरल जैन, मंत्री मनोज कुमार जैन, शिक्षा मंत्री दिनेश जैन सेठी, बाग मंत्री समर्पण जैन, स्वास्थ्य मंत्री डा. सिद्धांत जैन, धर्मशाला एवं भंडार मंत्री अंकुर जैन शामिल रहे। शपथ ग्रहण के बाद अध्यक्ष प्रमोद कुमार जैन ने 12 सदस्यों की कार्यकारिणी की घोषणा की। जिसे चुनाव अधिकारी द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई। घोषित कार्यकारिणी में डॉ. ज्ञानेंद्र कुमार जैन, पंकज जैन, जितेंद्र कुमार जैन, डॉ. प्रदीप कुमार जैन, भारत भूषण जैन, अनिल कुमार जैन, रजत राज जैन, गौरव जैन, राहुल जैन, अमन जैन सेठी, विवेक जैन खंडेलवाल और संजय जैन को शामिल किया गया।इस मौके पर चैधरी विमल कुमार जैन, विनोद बिहारी जैन, दिनेश कुमार जैन खंडेलवाल, सुभाष चंद्र जैन, श्रेयांस कुमार जैन, राकेश कुमार जैन, महेश चंद जैन, नितिन कुमार जैन, प्रदीप जैन, राजीव जैन, सुरेश जैन, अंकित जैन, विशाल जैन, आशीष जैन आदि मौजूद थे।

# पालिका अध्यक्ष सना मामून ने किया नालों का औचक निरीक्षण



**वेलकम इंडिया**

**रामपुर।** नगर पालिका चेयरपर्सन सना मामून ने आज शहर के सभी बड़े नालो का निरिक्षण किया,इस मौके पर मुख्य खाध सफाई निरीक्षक दिलशाद हुसैन मौजूद रहे, उन्होंने चिड़िमार बिलासपुर गेट नाला, चीनी मील नाला, शादी कि मण्डयया का नाला,तोपखाना रोड, पहाड़ी गेट, सभी नालो का निरिक्षण किया।

# गुलदार के हमले में बालक की मौत ग्रामीणों ने किया धरना प्रदर्शन

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



**मंडावर।** थाना क्षेत्र के गांव कोहरपुर में एक दिल दहलाने वाली घटना सामने आई है। यहां एक आदमखोर गुलदार ने दो वर्षीय मयंक, पुत्र राजकुमार कोहरपुर निवासी पर हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार कि दोपहर बाद राजकुमार अपने बच्चों के साथ गांव से कुछ दूरी पर दयालवाला से बादशाहपुर मार्ग पर खेत में तोरी तोड़ने गए थे। इस दौरान मयंक पास में ही खेल रहा था। अचानक एक गुलदार ने बच्चे पर हमला किया और उसे खेत में खींचकर ले गया। परिवार और आसपास के लोगों के शोर मचाने पर गुलदार बच्चे को छोड़कर भाग गया।घटना के तुरंत बाद, राजारामपुर का एक युवक मयंक को लेकर दयालवाला के एक डॉक्टर के पास पहुंचा। वहां से उसे एम्बुलेंस द्वारा जिला अस्पताल, बिजनौर भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस दुखद घटना से परिवार में कोहराम मच गया। आक्रोशित ग्रामीण दयालवाला-मंडावर मार्ग पर धरने पर बैठ गए और वन विभाग से गुलदार को पकड़ने तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की। मौके पर मंडावर थाना प्रभारी राजकुमार सरोज, सीओ सिटी राकेश वशिष्ठ, एसडीएम, तहसीलदार पुलिस बल के साथ पहुंचे और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। हालांकि, ग्रामीण अपनी मांगों पर अड़े रहे और स्पष्ट आश्वासन मिलने तक धरना समाप्त करने से इनकार कर दिया। क्षेत्र में गुलदार के हमलों की बढ़ती घटनाओं ने ग्रामीणों में दहशत और आक्रोश पैदा कर दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि वन विभाग की निष्क्रियता के कारण ऐसी घटनाएं बार-बार हो रही हैं।वन विभाग के अधिकारियों से अपेक्षा की जा रही है कि वे शीघ्र कार्रवाई करें ताकि क्षेत्र में गुलदार के आतंक को रोका जा सके और भविष्य में ऐसी दुखद घटनाओं से बचा जा सके। समाचार लिखे जाने तक ग्रामीणों का धरना जारी रहा।

# सीएमओ व एसीएमओ दोनों सर से लेकर पांव तक भ्रष्टाचार में डूबे हुए हैं मो. जफर

**वेलकम इंडिया**



**रामपुर।** नगर पालिका परिषद के सभासद एवं आप नेता मो. जफर ने सीएमओ पर भ्रष्टाचवार के गंभीर आरोप लगाये हैं। उनका दावा हैं कि उन्होने उक्त मामले की भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत बरेली की अदालत में मामला दर्ज कराया हैं।

पालिका सभासद एवं आप नेता मो. जफर ने प्रेस को जारी बयान में कहा कि रामपुर सीएमओ ने राजनैतिक दबाव में एक माह पहले बिना नोटिस दिये अवैध ढंग से शाहबाद गेट स्थित मेरी मिफरा ब्लड कलेक्श सेंटर सील कर दिया था। सील के बाद सीएमओ व एसीएमओ ने कोई सील का प्रमाण पत्र तक नहीं दिया उसके बाद उक्त दोनो अधिकारी लगातार रिश्वत की मांग कर रहे हैं जिसके बाद उन्होने दोनो के खिलाफ भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत बरेली की अदालत में मामला दर्ज कराया हैं। इस मामले में अदालत की ओर से दोनो अधिकारियों को नोटिस भेजा गया हैं। मामले की अगली सुनवाई तीन जुलाई को होगी। उन्होने आरोप लगाया कि सीएमओ व एसीएमओ दोनों सर से लेकर पांव तक भ्रष्टाचार में डूबे हुए हैं इनकी कार्यशैली से सरकार की छवि भी धूमिल हो रहीं हैं।

# असामाजिक तत्वों की गिरफ्तारी हेतु दो दिवसीय विशेष अभियान चलाया गया

**वेलकम इंडिया**



**राजाखेड़ा धौलपुर राजस्थान ।** राजाखेड़ा थाना पुलिस की बड़ी कार्यवाही महानिरीक्षक पुलिस भरतपुर राहुल प्रकाश द्वारा रेंज में चलाए जा रहे असामाजिक तत्वों की गिरफ्तारी हेतु दो दिवसीय विशेष अभियान एरिया डॉमिनेशन के तहत कार्यवाही करते हुए विभिन्न अपराधों में विभिन्न स्थानों से 16 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया सट्टे की खाई वाली करते हुए अलग अलग स्थानों से 3 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर कब्जे से कुल 15 हजार 640 रुपए सट्टा राशि बरामद की है जिला पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरड़ा के निदेर्शानुशार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज शर्मा के पर्यवेक्षण में एवं वृत्त अधिकारी वृत्त मनिया राजेश शर्मा के निकटतम सुपरवीजन में मन थानाधिकारी रामकिशन यादव द्वारा मय जाप्ता के थाना राजाखेड़ा से 4 टीमें गठित कर टीमों द्वारा विभिन्न स्थानों पर कार्यवाही करते हुए विभिन्न अपराधों में 16 अपराधियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचाने में सफलता हासिल की गई है।

# प्यार में अंधी एक बच्चे की मां और नवयुवक प्रेमी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**वेलकम इंडिया**



**शिकारपुर/बुलंदशहर/** अहमदगढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव में अवैध संबंधों की एक प्रेम कथा का उस वक्त अंत हो गया जब 35 वर्ष की (काल्पनिक) नाम रीता विवाहित महिला और 22 वर्ष के युवक का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। बुलंदशहर के एसपी देहात डॉ०तेजवीर सिंह ने बताया कि दोनों के शवो को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना अहमदगढ़ क्षेत्र के उटरावली गांव निवासी 35 साल की विवाहित महिला जिसका एक 11 साल का बेटा भी बताया गया है। पति मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता है। जब कि पड़ोस में स्थित बकरी फार्म पर 22 वर्ष का युवक अपनी ननिहाल में रह रहा था। बताया जा रहा है कि महिला और युवक के बीच अंतरंग मित्रता थी कई दिन पूर्व दोनों को एक खेत में लोगो ने आपत्तिजनक अवस्था में देख लिया था। करन कश्यप (22) पुत्र जय सिंह निवासी मलकपुर कोतवाली क्षेत्र अनूपशहर अपनी ननिहाल में स्थित एक बकरी फार्म पर नौकरी करता था। बताया जाता है कि बकरी फार्म के बराबर में रहने वाली 35 वर्षीय महिला और करन के बीच अंतरंगता बढ़ गई। कई दिन पूर्व दोनों को आपत्तिजनक हालत में ग्रामीणों ने देखा तो हतप्रभ रह गए थे। उसके बाद से दोनों के बीच असमंजस की स्थिति बनी थीं बताया जाता है कि दोनों लोकलाज के चलते एक दूसरे से मिल नहीं पा रहे थे।जिससे अवसाद में आने से दोनों ने फिल्मी अंदाज में साथ साथ मरने का निर्णय लिया। ग्रामीणों और परिजनों का दावा है कि पहले महिला ने अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली उसके कुछ देर बाद करन भी फांसी के फंदे पर लटक गया।

# बघेल समाज का प्रतिभावान सम्मान समारोह और शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

**वेलकम इंडिया**




**धौलपुर राजस्थान ।**अखिल भारतीय पाल बघेल धनगर गडरिया गाडरी समाज महासभा धौलपुर के तत्वाधान में मां भारती के वीर सपूत शहीद रामकिशोर बघेल की स्मृति में बघेल समाज द्वारा जीटी रोड स्थित बघेल छात्रावास पर प्रतिभा सम्मान एवं कार्यकारिणी शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों द्वारा अहिल्याबाई होल्कर और शहीद रामकिशोर बघेल के चित्र समक्ष दीप प्रज्वलित और माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष नारायण लाल गाडरी, विशिष्ट अतिथि महाराज सिंह बघेल, युवा प्रदेश अध्यक्ष अमर सिंह बघेल,शहीद रामकिशोर बघेल के परिजन रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष लाखन सिंह बघेल? ने की ।कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने कहा शिक्षा आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण के लिए पहली और मूलभूत साधन है। अब महिलाओ की भी शैक्षिक स्थिति में सुधार आया है। शिक्षा से ही महिला समाज में अपनी सशक्त भूमिका दर्ज कर सकती है इसलिए सभी को शिक्षा के महत्व को समझना चाहिए ,शिक्षा से ही सामाजिक एकता उत्थान संभव है। प्रदेश अध्यक्ष द्वारा जिलाध्यक्ष और जिला कार्यकारिणी को अपनी जिम्मेदारी को निष्ठा से निभाने की शपथ दिलाई ।इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष द्वारा शहीद रामकिशोर के परिजनों को सम्मानित किया गया और सभी समाज बन्धुओं द्वारा शहीद रामकिशोर बघेल अमर रहे के नारे लगाकर कार्यक्रम में जोश भर दिया। कार्यक्रम में बर्ष 2024झ25 में 10 वीं,12 वीं ,ग्रेजुएशन ,पोस्ट ग्रेजुशन में 70 प्रतिशत से अधिक 300 से अधिक उत्तीर्ण छात्र छात्राएं, राजकीय सेवा में चयनित, सहित अन्य क्षेत्रो में विशेष कार्य करने वालो को शील्ड और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# मंडी समिति बनी तालाब, नगर पालिका की खुली पोल

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**



**नूरपुर.** पिछले कई घंटों की बारिश के कारण मंडी समिति जलमग्न हो गई है। भारी बारिश के चलते नालियां और नाले उफान पर हैं, जिससे पानी मंडी परिसर में जमा हो गया है। व्यापारियों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है कई दुकानों और गोदामों में पानी घुस गया है, जिससे सामान सड़ने और खराब होने का खतरा बढ़ गया है। कुछ व्यापारियों ने नगरपालिका द्वारा जल निकासी व्यवस्था की कमी के कारण अपनी नाराजगी व्यक्त की है। उनका कहना है कि अगर उचित जल निकासी प्रणाली होती तो इस स्थिति से बचा जा सकता था। लगातार बारिश के कारण मंडी में कामकाज ठप हो गया है। व्यापारियों और किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अगर बारिश जारी रहती है तो स्थिति और भी खराब हो सकती है।

# कोटद्वार से नजीबाबाद चल रहे रेत बजरी के ओवरलोड डंपरों ने नेशनल हाईवे पर मचाई तबाही

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



आपको बता दें, कई महीनो से कुंभ करनी नींद सो रहे प्रशासन की नींद कोटद्वार से नजीबाबाद नेशनल हाईवे पर एक बड़ी पुलिया टूटने से जागी ।जबकि कई समाचार पत्रों में कोटद्वार से नजीबाबाद में प्रवेश हो रहे ₹ओवरलोड डंपरों से हो रही नेशनल हाईवे की सड़कें क्षतिग्रस्त₹ की खबरें प्रकाशित हुई थी, लेकिन प्रशासन ने इस और ध्यान देना उचित नहीं समझा, जिसका परिणाम यह निकला की नजीबाबाद कोटद्वार मार्ग पर एक पुलिया ओवरलोड वाहन के कारण धंस जाने से सड़क के दोनों और कई किलोमीटर लंबा जाम लग गया ।बच्चे और बूढ़े कई किलोमीटर की यात्रा पैदल करते हुए देखे गए तथा राहगीर पानी को लेकर इधर-उधर भटकते रहे। कई घंटे की मशक्कत के बाद जेसीबी के माध्यम से मिट्टी डालकर वाहनों का संचालन शुरू कराया गया। राष्ट्रीय राजमार्ग पर कंक्रीट डालने वाले, एवं स्टोन क्रेशरो पर रेड बजरी से भरे ओवरलोड डंपरों की लापरवाही से भी जाम खुलवाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। जानकारी के अनुसार रविवार को जाफरा और कौड़ियां के बीच ठेकेदार की ओर से एक पुलिया बनाई जा रही थी जिसमें पानी निकासी को लेकर पाइप दबाया गया था जिसमें हल्के और कमजोर पाइप का इस्तेमाल किया गया था जो वाहनों के चलते धंस गया जिससे वाहनों का संचालन बंद हो जाने से हाईवे के दोनों और वाहनों की कई किलोमीटर तक लंबी-लंबी कतारे लग गई। सुबह करीब 10 बजे से बंद हुआ नेशनल हाईवे दोपहर 2 बजे के बाद शुरू हुआ। 4 घंटे बाद किसी तरह जेसीबी मशीन को बुलाकर वाहनों का संचालन शुरू कराया गया लेकिन फिर भी वाहन सड़क में धंसते हुए देखे गए।

# सड़क में गड्ढे अथवा गड्ढों में सड़क जिम्मेदार बेखबर कांवड़ यात्रा नजदीक

वेलकम इंडिया

**रामघाट /बुलंदशहर/** अलीगढ़ रामघाट कल्याण मार्ग के गांव जरगवां में गांव के नालों का पानी निकालने के लिए कोई रास्ता नहीं होने के कारण आए दिन सड़क टूटने से बाइक सवारों को सड़क के गड्ढों में गिरने से दुर्घटनाए हो रही हैं। ग्रामीण जनता वाहन चालक बेहद परेशान है जनता में आक्रोश व्याप्त है। भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य जयपाल सिंह गौतम ने खंड विकास अधिकारी डिबाई से नालों के पानी की निकासी की समस्या को खत्म कराने की मांग की है।

आपको बता दें डिबाई ब्लाक के गांव जरगवां में देशी शराब के ठेका के सामने गांव के नालों का पानी आगे निकलने के लिए कोई रास्ता ना होने के कारण अलीगढ़ रामघाट कल्याण मार्ग की सड़क पर नालों का भरने के कारण आए दिन सड़क टूटने से गड्ढे पड़ जाते हैं जिन गड्ढों में बाइक सवार गिरकर गंभीर रूप से घायल हो रहे हैं इन गड्ढों को लोक निर्माण विभाग अधिकारियों ने कई बार भरवा दिया गया है लेकिन पानी के कारण आए दिन सड़क टूट जाती है और समस्या जस की तस बनी हुई है जब तक गांव के नालों का पानी आगे निकलने की समस्या खत्म नहीं होगी तब तक यह सड़क टूटती रहेगी यही नहीं आने जाने वाले ग्रामीण भी निकलने के लिए बेहद परेशान है कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। यही नहीं इसी महीने में डाक कावड़ यात्रा शुरू होने वाली है अगर इन गड्ढों के कारण डाक कांवड़िए या ग्रामीण जनता को सड़क दुर्घटना होती है तो उसके जिम्मेदार कौन होगा। भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य जयपाल सिंह गौतम ने खंड विकास अधिकारी डिबाई को अवगत कराते हुए गांव के नालों के पानी की समस्या का समाधान करने की अपील की है अगर इस समस्या पर ध्यान नहीं दिया गया तो उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिकायत की जाएगी।



# संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

वेलकम इंडिया




**औरंगाबाद/बुलंदशहर/** थाना औरंगाबाद क्षेत्र के गांव सैदपुरा में संदिग्ध परिस्थितियों हुई विवाहिता की मौत परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप विदित हो कि औरंगाबाद थाना क्षेत्र के गांव सैदपुरा में संदिग्ध परिस्थितियों में एक विवाहिता की मौत हो गई विवाहिता सोनी चौधरी निवासी गांव मामऊ थाना अहमदगढ़ क्षेत्र की शादी वर्ष 2023 में ब्रजवीर पुत्र दिनेश चौधरी निवासी गांव सैदपुरा के साथ हुई थी परिजनों द्वारा आरोप लगाया गया कि मृतका के पति ब्रजवीर का किसी अन्य लड़की के साथ संबंध था जिसको लेकर पति-पत्नी में पूर्व में विवाद हो चुका था। विवाहिता के पिता वीरेंद्र सिंह जो कि सीआरपीएफ०में जम्मू कश्मीर में तैनात हैं उनके द्वारा बताया गया कि बीते कल दोपहर में उनकी अपनी बेटी से बात हुई थी उस समय तक सब कुछ सामान्य था लेकिन देर शाम उनके पास फोन द्वारा सूचना दी गई कि आपकी बेटी की मौत हो गई है। उनके द्वारा तुरंत अपने परिवार को सूचना दी गई परिवार के लोग मौके पर पहुंचे तो उन्हें बताया गया कि विवाहिता द्वारा कोई जहरीला पदार्थ खा लिया गया है। लेकिन विवाहिता के गले पर निशान देखकर उन्हें मामला संदिग्ध लगा इसके बाद उनके द्वारा पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है और पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। खबर लिखे जाने तक थाने में मायके पक्ष ने तहरीर नहीं थी। उधर थाना प्रभारी वरुण शर्मा ने बताया कि मृतका के परिजनों की तरफ से अभी तहरीर नहीं मिली है तहरीर मिलने पर आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कार्यवाही की जाएगी।

# घर के बाहर से मोटरसाइकिल चोरी सीसीटीवी में कैद

वेलकम इंडिया



**कांधला। मोहसीन रहमानी।** कस्बा निवासी मेडिकल संचालक के घर के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल किसी चोर ने चोरी कर ली चोर की करतूत पास के लगे मकान के सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई पीड़ित ने थाने पर तहरीर दी है पुलिस तलाश में जुटी है ।कस्बे के मोहल्ला सरावयज्ञान निवासी राजेश जैन ने नगर के बाजार में आस्था मेडिकल एजेंसी के नाम से मेडिकल स्टोर खोल रखा है पीड़ित के स्टोर के समीप आवास है। रविवार को मेडिकल स्टोर संचालक ने अपनी स्प्लेंडर मोटरसाइकिल घर के बाहर खड़ी कर रखी थी तभी किसी चोर ने मौका पाकर मोटरसाइकिल चोरी कर ली चोर की पूरी करतूत पास के लगे मकान के सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पीड़ित व्यक्ति ने चोर की वीडियो वह फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करते हुए नगर व क्षेत्र के लोगों से पहचान करने की अपील की है। और पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है पुलिस सीसीटीवी फुटेज का आधार पर मोटरसाइकिल चोर की तलाश में जुटी हुई है।

# 1 जुलाई का दिन इन राशियों के जीवन में लाएगा खुशियां ही खुशियां- ज्योतिष कावेरी मुखर्जी

1 जुलाई का दिन विशेष है. यह दिन कुछ राशियों के लिए उत्साह, नए विचार, और साहसी फैसलों के लिए उत्तम रहेगा. आईए जानते हैं ज्योतिष कावेरी मुखर्जी जी से कि वो कौन-सी राशि वाले लोग हैं. जिनका दिन लव, करियर, बिजनेस, हेल्थ के मामले में लकी रहेगा और भाग्य का साथ मिलेगा.

1 जुलाई 2025, मंगलवार का दिन विशेष है. इस दिन व्यतीपात योग का निर्माण हो रहा है. षष्ठी तिथि रहेगी.यह दिन कई राशियों के लिए लकी रहने वाली है. जानते हैं किन राशियों को मिलेगा भाग्य का साथ. 1 जुलाई के दिन चंद्रमा सिंह राशि में रहेंगे.

मेष राशि- मेष राशि के स्वामी हैं मंगल. मंगलवार के दिन इस राशि के लोग अपने साहस और ऊर्जा और निर्णय लेने की शक्ति को मजबूत बनाएं रखने पर काम करें. इस दिन आप नया प्रोजेक्ट शुरू कर सकते हैं या बिजनेस डील संभव है. शादी शुदा लाइफ में गर्मजोशी आएगी. लकी कलर- लाल लकी नंबर- 9 उपाय- हनुमान चालीसा का पाठ करें.



सिंह राशि- जुलाई का महला दिन सिंह राशि वालों के लिए शानदार रहेगा. इस दिन चंद्रमा सिंह राशि में रहेंगे. सिंह राशि वालों का आत्मविश्वास बढ़ेगा. सिंह राशि वालों को जुलाई के पहले दिन करियर में शानदार अवसर प्राप्त हो सकते हैं और आपके काम की सराहना होगी. लव रिवेशन में पार्टनर के साथ आपकी नजदीकियां बढ़ सकती हैं. लकी कलर- सुनहरा लकी नंबर- 1 उपाय- हनुमान जी को सिंदूर चढ़ाएं.

क न्या राशि- कन्या राशि वालों के लिए यह दिन शुभ रहेगा. इस दिन पूर्वा फाल्गुनी नक्षत्र का शुभ प्रभाव मिलेगा. प्रोफेशन लाइफ में ग्रोथ के योग बन रहे हैं. फैमली के सदस्यों के साथ संवाद हो सकते हैं. प्रेम में दिया गया प्रस्ताव सफल रहेगा. लकी कलर- हरा लकी नंबर- 5 मंगल उपाय- गुड़ और चना बाटें.

वृश्चिक राशि- वृश्चिक राशि वालों के लिए यह दिन खास रहेगा. वृश्चिक राशि भी मंगल की राशि है. मंगल की राशि होने से यह दिन खास रहेगा. आर्थिक लाभ मिल सकता है, यह दिन निवेश के लिए सही और उत्तम है. कोर्ट-कचहरी से जुड़ें मामलों में राहत के संकेत मिल सकते हैं. लकी कलर- मरून लकी नंबर- 8 उपाय- मसूर दाल का दान करें.

धनु राशि- धनु राशि वालों के लिए यह दिन शिक्षा, यात्रा, विदेश से जुड़े कार्यों में सफलता दिला सकता है.इस दिन अध्यात्म और सकारात्मक सोच आपकी लाइफ में चेंज ला सकती है. लकी कलर- पीला लकी नंबर- 3 उपाय- गरीबों को भोजन कराएं.

# किसान सहकारी समिति के सचिव पर धोखाधड़ी करने का आरोप

वेलकम इंडिया

**कांधला। मोहसीन रहमानी।** एलम निवासी किसान ने सहकारी समिति के सचिव पर ऋण लेन देन के नाम पर धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने एसपी शामली को शिकायती पत्र देते हुए कार्रवाई की मांग की है।

नगर एलम निवासी किसान जयपाल सिंह के पुत्र मनीष पंवार ने एसपी रामसेवक गौतम को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि उनके पिता नगर स्थित सहकारी समिति में सदस्य है। और उन्होंने समिति से एक लाख रुपए का ऋण लिया हुआ है,जिसको वह हर साल समय से समिति सचिव सोमपाल सिंह को जमा करा देते है। जमा कराने के बाद वह जमा की गई राशि रशीद और बैंक पासबुक सचिव सोमपाल सिंह से प्राप्त कर लेते है। आरोप है कि जून माह में भी पीड़ित किसान ने सहकारी समिति का ऋण चुकाने के लिए सचिव सोमाल को रुपए दिए थे और बाद में रसीद और एक लाख रुपए प्राप्त किए। कई दिनों बाद पीड़ित मनीष पंवार द्वारा बैंक पासबुक देखने पर मामला उजागर हुआ ।आरोप है कि बैंक पास बुक में एक लाख रुपए निकालने की जगह एक लाख पंद्रह हजार रुपए निकालने की एंट्री है,जबकि किसान को एक लाख रुपए ही सचिव द्वारा दिए गए। मामले की शिकायत किसान द्वारा सचिव सोमाल सिंह से की गई तो आरोप है कि किसान के साथ अभद्रता करते हुए भगा दिया गया। पीड़ित किसान पुत्र ने एसपी रामसेवक गौतम को शिकायती पत्र देते हुए कार्रवाई की मांग की है।

# एसपी ने सेवानिवृत्त पांच पुलिस कर्मियों को दी भावभीनी विदाई

वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार



**हाथरस।** पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा द्वारा पुलिस कार्यालय स्थित सभागार कक्ष में एक सादा समारोह में 5 पुलिसकर्मी को सेवानिवृत्त होने पर भावभीनी विदाई दी गई ।इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक हाथरस अशोक कुमार, क्षेत्राधिकारी अपराध श्यामवीर सिंह, प्रतिसार निरीक्षक राजकुमार सिंह एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी तथा सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मी के परिजन भी मौजूद रहे । अधिवर्षता आयु पूर्ण करने वाले पुलिसकर्मी उपनिरीक्षक राजकुमार, शिशुपाल, हरिओम, फायर मैन कान्ती प्रसाद शर्मा व स्वीपर होरी लाल द्वारा पुलिस विभाग में कुशलतापूर्वक अपने दायित्वो का निर्वहन करते हुये अपनी सेवा देने के बाद सेवानिवृत्त हुए ।इस अवसर पर सेवानिवृत्त हो रहे पुलिसकर्मी द्वारा पुलिस विभाग में दी गई सेवाओं के अनुभव को विस्तार से साझा किया गया तथा पुलिस अधीक्षक हाथरस द्वारा सेवानिवृत्त हो रहे कर्मचारियो से उनके पुलिस विभाग में दी गई सेवाओं के अनुभवों को साझा करते हुए उनके आगामी जीवन की सुख शांति से व्यतीत किए जाने की कामना करते हुए, सकुशल सेवानिवृत होने पर बहुत-बहुत बधाई दी और कहा कि आपने जीवन का अमूल्य समय पुलिस विभाग को दिया जिसके लिए पुलिस विभाग हमेशा आपका ऋणी रहेगा ।पुलिस अधीक्षक द्वारा सेवानिवृत होने वाले पुलिसकर्मी को माल्यार्पण कर शॉल, प्रशस्ति पत्र दिया गया तथा उनके उज्जवल भविष्य एवं स्वस्थ जीवन की कामना के साथ भावभीनी विदाई दी गई ।

# बैंड बाजे के साथ श्री 108 नयन सागर जी महाराज का मंगल प्रवेश



वेलकम इंडिया

**कांधला।मोहसीन रहमानी।** नगर में राष्ट्रीय संत श्री 108 जैन मुनि नयन सागर महाराज का मंगल प्रवेश धूमधाम के साथ हुआ। नगर के प्रवेश द्वार भाजपा एमएलसी सहित सकल दिगंबर जैन समाज के सैकड़ो लोगों ने जोरदार स्वागत किया। बैंड बाजे के साथ जैन संत का नगर में प्रवेश कराया गया। बीते रविवार की शाम राष्ट्रीय संत श्री 108 नयन सागर जी महाराज सैकड़ो जैन श्रद्धालुओं के साथ शामली से कांधला के लिए रवाना हुए। जहां पर दिल्ली नेशनल हाईवे मार्ग स्थित पूर्व कैबिनेट मंत्री भाजपा एमएलसी चौधरी वीरेंद्र सिंह ने अपने फार्म हाउस पर जैन मुनि का भव्य स्वागत किया और आशीर्वाद प्राप्त किया। तत्पश्चात नगर के सकल दिगंबर जैन समाज के सैकड़ो श्रद्धालु ने श्री 108 नयन सागर जी महाराज का मार्ग पर भव्य स्वागत करते हुए बैंड बाजे के साथ भव्य मंगल प्रवेश कराया गया।

# भाजपा ने मनाया डॉक्टर श्यामाऔ प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस

वेलकम इंडिया



**कांधला।मोहसीन रहमानी।** नगर में भाजपा ने डाक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया।नगर के 58 बूथों पर पुष्पांजलि अर्पित की गई, और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना गया। इसके बाद पौधारोपण किया गया। नगर में सोमवार को भारतीय जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष डाक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया। उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात को सुना। साथ ही एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत पौधारोपण भी किया गया। भाजपा मण्डल अध्यक्ष डाक्टर रश्मिकांत जैन ने बूथ संख्या 296 कार्यालय पर मन की बात सुनी साथ ही पौधारोपण किया।रश्मिकांत जैन ने कहा ने कहा कि मंडल में कुल 58 बूथ के सापेक्ष करीब छह सौ पौधा उपलब्ध कराकर एक बूथ पर दस पौधारोपण किया गया। डाक्टर मुखर्जी ने एक देश में एक प्रधान, एक विधान ओर एक निशान के लिए 23 जून 1953 को अपना बलिदान दिया। उन्होंने धारा 370 के विरोध में मंत्री पद से त्यागपत्र दे दिया। कश्मीर से धारा 370 हटाने के लिए आंदोलन शुरू किया, और अंतिम सांस तक संघर्ष करते रहे।इस दौरान प्रतिभा उर्फ सिमरन, दीपक गुप्ता, संजय तिवारी, जलसिंह, सचिन चौहान, रमेश सैनी, जयवीर सिंह, सतवीर, रामकुमार शर्मा, अशौक चौहान, संजय मित्तल, आकाश जैन ओर मनीष गोयल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# टेक्नोग्राड 2025 टेक्नोसेवीज द्वारा एआई एवं इनोवेशन कार्यक्रम का आयोजन सफल

वेलकम इंडिया



**प्रयागराज:** टेक्नोसेवीज एजुकेशन टेक्नोलॉजी ने ₹टेक्नोग्राड 2025₹ नामक एक सफल तकनीकी कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें आर्टिफिशल इंटेलीजेंस वर्कशॉप के प्रतिभागियों और ₹हैक द माइंड₹ क्विज के विजेताओं को सम्मानित किया गया।

विशेष अतिथियों में नवीन कुमार गुप्ता, उमाकांत सिंह, और रविंद्र वर्मा (सभी सहायक प्रोफेसर, यूनाइटेड यूनिवर्सिटी) – ने अपने प्रेरणादायक वक्तव्यों में छात्रों को ए आई, रोबोटिक्स और डाटा साइंस जैसी उभरती तकनीकों के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने छात्रों को मेहनत और आत्मविश्वास के साथ अपने सपनों को साकार करने का संदेश दिया। टेक्नोसेवीज के संस्थापक एवं निदेशक अंकित केसरीवानी ने कहा हमारी शुरूआत दो छात्रों से हुई थी। आज हजारों छात्र हम पर विश्वास करते हैं। हम केवल कौशल नहीं, एक नई सोच विकसित कर रहे हैं। कार्यक्रम की सफलता का श्रेय पूरी टेक्नोसेवीज टीम और स्वयंसेवकों को जाता है, जिन्होंने आयोजन से लेकर अतिथि सत्कार, मंच समन्वय और छात्र सहयोग तक सभी जिम्मेदारियाँ प्रभावी ढंग से निभाईं। अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

# सडक दुर्घटना होने पर ? इमरजेंसी में मदद के लिए एनएचएआई के नंबर 1033 एम्बूलेंस हेतु 108 पर करें कॉल

वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कांवड़ यात्रा के मार्गों पर श्रद्धालुओं की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने प्रमुख रूप से सड़कों को पूरी तरह से गड्ढा मुक्त करने, सुरक्षा की दृष्टि से सड़कों पर सैंड बैग लगाए जाने, विद्युत पोलों को पॉलिथीन से ढककर सुरक्षा सुनिश्चित किये जाने, सड़कों के किनारे उगी झाड़ियों को तत्काल रूप से कटवाने, फुटपाथ व सड़कों पर जलभराव की स्थिति न बनने पाए, इसके लिए प्रभावी जल निकासी की व्यवस्था एवं गढढों पर मिट्टी डलवाने तथा यात्रा मार्गों पर पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिए।




उन्होंने कहा कि सभी उप जिलाधिकारी-क्षेत्राधिकारी पुलिस संबंधित विभागों के साथ अपने-अपने क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण कर लें, यदि कहीं कोई कमी पाई जाती है तो उसे तत्काल दुरूस्त कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं सुविधा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्य निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण किए जाएं ताकि कांवड़ यात्रा सकुशल एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न हो सके। उन्होंने एनएचएआई के प्रभारी अधिकारियों को संबंधित उप जिलाधिकारियों से समन्वय स्थापित करते हुए कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत आवश्यक समस्त तैयारियों को ससमय पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित लोक निर्माण विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और परिवहन विभाग, चिकित्सा विभाग, पुलिस विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए ठोस कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सड़क संकेतकों की स्पष्टता, उचित प्रकाश व्यवस्था, स्पीड ब्रेकर और सुरक्षा अवरोधकों की व्यवस्था भी समयबद्ध रूप से किये जाए। परिवहन विभाग को निर्देश दिए कि वे हेलमेट और सीट बेल्ट की अनिवार्यता का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाए।

# वरिष्ठ व्यवसाई संजय गर्ग बने अध्यक्ष व अनमोल अग्निहोत्री मंत्री तथा विजय गुप्ता सह मंत्री बनाए गए संगठन, विश्व हिंदू परिषद की जिला कार्य योजना बैठक सम्पन्न

**वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार**




**हाथरस।** विश्व हिंदू परिषद की जिला कार्य योजना बैठक का आयोजन शनिवार को बीएलएस इंटरनेशनल स्कूल में बड़े ही गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती और श्री राम दरबार के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण से हुआ क कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष भानु प्रताप सक्सेना ने की एवं संचालन जिला मंत्री विश्व हिंदू परिषद प्रवीण खंडेलवाल ने किया क बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में आये प्रांत सहमंत्री अभय ने विश्व हिन्दू परिषद की समाज में भूमिका पर प्रभाव पूर्ण विचार रखे क इस बैठक में जिले के सभी प्रखंडों के पदाधिकारियों ने भाग लिया और संगठन की आगामी योजनाओं पर विचार-विमर्श किया। विश्व हिन्दू परिषद जिला हाथरस कि जिला कार्योजना बैठक में विश्व हिंदू परिषद हाथरस नगर कार्यकारणी की घोषणा जिला मंत्री प्रवीण खंडेलवाल के द्वारा निम्न प्रकार की गई नगर अध्यक्ष पद पर वरिष्ठ व्यवसाई नर गर्ग नगर उपाध्यक्ष पद दीपू वार्ष्णेय डॉक्टर राहुल सिंह राजीव प्रताप सिंह मोहनलाल शर्मा नगर मंत्री अनमोल अग्निहोत्री नगर सह मंत्री विजय गुप्ता नगर सह मंत्री दाऊ दयाल वर्मा को बनाया गया इसी के साथ नगर सत्संग प्रमुख पारस जांगिड़ नगर सह सत्संग प्रमुख टिंकू दिवाकर नगर सेवा प्रमुख दीपक अग्रवाल नगर सह दुर्गा वाहिनी संयोजक प्रियांशी वार्ष्णेय को बनाया गया इसी के साथ चेतन लक्ष्मण व तरुण को बजरंग दल का नगर सह संयोजक सूर्यांश को विद्यार्थी प्रमुख हृदेश व भोला को सह विद्यार्थी प्रमुख नितिन को बलोंपासना प्रमुख नवीन वर्मा को गोरक्षा प्रमुख नियुक्त किया गया इस के साथ ब्रज प्रांत मंत्री अभय प्रताप सिंह द्वारा राहुल चौधरी को जिला सह धर्म प्रसार प्रमुख प्रशांत कुलश्रेष्ठ जिला सह सेवा प्रमुख सचिन वार्ष्णेय को जिला सहसेवा प्रमुख एवं अजय शर्मा को जिला सह सत्संग प्रमुख मनोनीत किया। ओम के उच्चारण के साथ सभी ने नवीन दायित्वों के लिए समर्थन प्रदान किया। इस अवसर पर एक विशेष विदाई समारोह भी आयोजित किया गया, जिसमें वर्तमान जिला संगठन मंत्री कपिल के एटा विभाग संगठन मंत्री के रूप में स्थानांतरण होने पर उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। कपिल जी ने पिछले दो वर्षों तक हाथरस में अपने सेवा काल के दौरान संगठन को मजबूत बनाने में अत्यंत सराहनीय कार्य किए, जिसकी सभी पदाधिकारियों ने मुक्त कंठ से प्रशंसा की। जिला मंत्री प्रवीण खंडेलवाल भावुक होते हुए अपने आंसुओं को रोक नहीं पाए और नम आँखों से कपिल जी को विदाई दी। उन्होंने कहा, ₹आप सिर्फ हाथरस से जा रहे हैं, हमारे दिलों से कभी नहीं जा सकते। आपका मार्गदर्शन हमेशा हमारे साथ रहेगा।₹जिलाध्यक्ष भानु प्रताप सक्सेना ने कहा की कपिल ने जनपद के समस्त प्रखंडों में जो सामंजस्य से स्थापित किया वह बहुत ही सराहनीय है कपिल के कार्यकाल के दौरान संगठन को बहुत अधिक मजबूती और गतिशीलता मिली।विदाई समारोह में कपिल जी के साथ बिताए गए प्रेरणादायक क्षणों को याद किया गया और संगठन के कार्यकताओं ने उन्हें शुभकामनाएं दीं।

# होम्योपैथिक अस्पतालों में चिकित्सक की कमी, कैसे मिले उपचार

**असदुल्लाह सिद्दीकी**




**सिद्धार्थनगर।** जिले में मरीजों को होमियोपैथ उपचार के लिए 21 केंद्र हैं, लेकिन डॉक्टरों की कमी से मरीजों को बेहतर इलाज नहीं मिल पा रहा है। जबकि कई बार मरीजों को बेहतर डॉक्टर के लिए इंतजार करना पड़ता है। जिले में मौजूद सभी केंद्रों को संचालित करने के साथ उन्हें बेहतर इलाज के लिए डॉक्टरों को एक दूसरे केंद्र से अटैच किया गया है, जिससे मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई बार उपचार करने वाले डॉक्टर की ड्यूटी किसी और केंद्र पर लग जाने से मरीजों को लंबी दूरी तय करना पड़ती है। वहीं कुछ स्थानों पर फार्मासिस्ट मरीजों का इलाज करते हैं। डॉक्टरों के अभाव में मरीजों को बेहतर इलाज नहीं मिल पा रहा है। इससे उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जबकि इस बार जिले में पर्याप्त डॉक्टरों की तैनाती होनी थी, लेकिन स्वास्थ्य विभाग में स्थानांतरण का सत्र शून्य कर देने से मरीजों को इसका लाभ नहीं मिल पाया है। इससे उन्हें कठिनाई का भी सामना करना पड़ रहा है। इसके बावजूद भी सभी होमियोपैथ के केंद्र पर प्रतिदिन 500 से अधिक मरीज उपचार करवाने आते हैं।

# जिले में खुले आम चल रहे जुए के अड्डे, पुलिस बनी मूक दर्शक



**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**

**बरेली।** इज्जतनगर थाना क्षेत्र के मुड़िया अहमदनगर गांव से एक हैरान कर देने वाला वीडियो सामने आया है, जिसमें नदी किनारे खुलेआम लाखों रुपये का जुआ खेलते लोग दिखाई दे रहे हैं। वीडियो के वायरल होते ही स्थानीय पुलिस पर सवालों की बौछार शुरू हो गई है। सोशल मीडिया पर वायरल इस वीडियो में कई लोग नदी के किनारे जमीन पर बैठकर बड़े नोटों में जुआ खेलते नजर आ रहे हैं। दावा किया जा रहा है कि यह अवैध जुए का अड्डा लंबे समय से संचालित हो रहा है, लेकिन स्थानीय पुलिस आंखें मूंदे बैठी है। सूत्रों के मुताबिक, वीडियो उस वक्त बनाया गया जब एक व्यक्ति जुए में बड़ी रकम हार गया और गुस्से में आकर उसने मोबाइल से पूरी गतिविधि रिकॉर्ड कर ली। बाद में उसने यह वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया, जो तेजी से वायरल हो गया। वीडियो में मौजूद दो युवकों की पहचान गांव के ही निवासी के रूप में की जा रही है। हालांकि पुलिस ने अभी तक किसी के विरुद्ध कोई विधिक कार्रवाई नहीं की है।

# 22 दिनों बाद कब्र से निकाला गया मृतक विजय का शव, भेजा पीएम हाउस

**असदुल्लाह सिद्दीकी**



**मोहाना/सिद्धार्थनगर।** थाना क्षेत्र मोहाना के पीड़ित रामलखन पुत्र शम्भू सिद्धार्थनगर निवासी बर्डपुर नं0-10 टोला-शिवकोट ने जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर को शिकायत पत्र देकर लड़के की शव कब्र से निकलवाकर पोस्टमार्टम करावें तथा दोषी के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित करें। आपको बता दें कि पीड़ित राम-लखन ने डीएम को शिकायत में बताया कि 06.जून.2025 को सांय 6 बजे गांव के अजय शर्मा पुत्र रामनेवास शर्मा व जितेन्द्र विश्वकर्मा पुत्र हरिश्चन्द्र मेरे घर आये और मेरे पुत्र विजय कुमार को बुलाकर अपने साथ ले गये। मेरा पुत्र अपने मोटरसाइकिल जिसका नं0-वढ55 अठ 6214 है, लेकर गया। वहीं रात्रि करीब 9 बजे मेरे छोटे बेटे अजय जो मुम्बई में थे, के मोबाइल 8850116025 पर जितेन्द्र विश्वकर्मा अपने मोबाइल नम्बर से सूचना दिये कि विजय को चोट लग गई है, उन्हें प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र बर्डपुर ले गये है। पीड़ित को गांव के लोगों ने पुत्र विजय को चोट आने की बात बताई। पीड़ित के पुत्र विजय को प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र बर्डपुर के चिकित्सक ने जिला अस्पताल सिद्धार्थनगर रेफर कर दिये। पीड़ित जिला अस्पताल सिद्धार्थनगर पहुंचा और पुत्र की गम्भीर हालत देखकर पुत्र विजय गैस आने पर अचेत अवस्था में आ गया था। जिला अस्पताल के चिकित्सक के द्वारा पुत्र की हालत गम्भीर देखते हुए मेडिकल कालेज गोरखपुर के लिए रेफर कर दिये। प्रार्थी के साथ गये लोग लड़के को जिला अस्पताल से डा0 चन्द्रेश उपाध्याय के यहां ले जाकर इलाज कराना शुरू किये दौरान इलाज प्रार्थी के लड़के की मृत्यु करीब रात 12 बजे रात्रि में हो गई। प्रार्थी लड़के की मृत्यु की सूचना पाकर बेहोश हो गया और अपना सुध-बुध खो दिया। रात ही में बेटे की लाश व प्रार्थी को घर ले आये और दूसरे दिन करीब 11 बजे दिन में लड़के को दफनाये। दो दिन बाद जब प्रार्थी अपने होशोहवाश में आया तब प्रार्थी को लोगों द्वारा बताया गया कि जो दोनों बच्चे आपके पुत्र को लेकर गये थे, उन्हें सामान्य चोटे आने की बात बताएं। जबकि प्रार्थी के लड़के के शरीर पर गम्भीर चोटे आयी थी और मोटरसाइकिल भी टूटा पड़ा है। इससे प्रार्थी को विश्वास है कि एक साजिश के तहत प्रार्थी के लड़के विजय की हत्या की गई है। प्राथी अजय शर्मा से विजय की मोबाइल मांगा तो मोबाइल का पासवर्ड पूछने लगे और अजय शर्मा बोले मोबाइल का पासवर्ड बताओं तभी मोबाइल मिलेगा।



# जिला अस्पताल की दीवार भरभराकर गिरी, खड़ी कार दबकर क्षतिग्रस्त



**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**

**बरेली।** जिला अस्पताल परिसर की एक पुरानी दीवार रविवार दोपहर करीब 1 बजे अचानक भरभराकर गिर गई। घटना कुतुबखाना जाने वाले मुख्य मार्ग पर स्थित हिस्से की है, जहां दीवार के पास एक कार खड़ी थी जो मलबे में दबकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत रही कि हादसे के समय कोई व्यक्ति पास नहीं था, वरना जनहानि भी हो सकती थी। बताया जा रहा है कि गिरने वाली दीवार अस्पताल परिसर और पीछे स्थित एक आवासीय मकान की सीमारेखा पर बनी थी। दीवार गिर जाने से न केवल वाहन का नुकसान हुआ है, बल्कि अब घर की सुरक्षा भी खतरे में पड़ गई है। स्थानीय लोगों को आशंका है कि खुली जगह से चोरी या असामाजिक तत्वों की आवाजाही बढ़ सकती है। इस घटना के बाद स्थानीय लोग मौके पर इकट्ठा हो गए और अस्पताल प्रशासन से दीवार की मरम्मत और सुरक्षा की जिम्मेदारी तय करने की मांग करने लगे। लोगों का कहना है कि यह दीवार काफी पुरानी और जर्जर हालत में थी, जिसकी मरम्मत की अनदेखी लंबे समय से की जा रही थी।

# कांग्रेस छोड़ कई लोगों ने ली भाजपा की सदस्यता

**वेलकम इंडिया**




**बागेश्वर,** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में जिला इकाई की बैठक हुई।बैठक में दर्जनों लोगों ने कांग्रेस छोड़कर भाजपा की सदस्यता ली। साथ ही सदस्यता लेते हुए त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में भाजपा समर्थित प्रत्याशियों के पक्ष में एकजुट होकर उन्हें जीत दिलाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने की बात कही।कार्यक्रम में दर्जा मंत्री शिव सिंह बिष्ट ने कहा कि कपकोट में आई आपदा से निपटने के लिए क्षेत्रीय विधायक सुरेश गड़िया सहित जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैदी से आपदा नियंत्रण में जुटा है। इस कारण प्रभावितों को समय पर राहत पहुंचाई जा रही है।लेकिन विपक्ष इसे पचा नहीं पा रहा है। पार्टी पंचायत चुनाव के लिए तैयार है। पूर्व मंत्री बलवंत सिंह भौर्याल ने कहा कि जिला पंचायत सदस्यों के नामों को लेकर रायशुमारी हो रही है। अंतिम निर्णय हाईकमान तय करेगा। केंद्र तथा प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजना से उन्हें पंचायत चुनाव में भी लाभमिलेगा।इसे पचा नहीं पा रहा है। पार्टी पंचायत चुनाव के लिए तैयार है। पूर्व मंत्री बलवंत सिंह भौर्याल ने कहा कि जिला पंचायत सदस्यों के नामों को लेकर रायशुमारी हो रही है। अंतिम निर्णय हाईकमान तय करेगा। केंद्र तथा प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजना से उन्हें पंचायत चुनाव में भी लाभमिलेगा।मुख्यमंत्री धामी की कार्य प्रणाली को देखते हुए कई लोगों ने भाजपा की सदस्यता ली है। इसका लाभ पंचायत चुनाव में होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ उपाध्यक्ष मथुरा प्रसाद ने की। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष सुरेश खेतवाल,पूर्वजिपं अध्यक्ष विक्रम साही, राजेंद्र राठौर, गिरीश खेतवाल, महेश खेतवाल, दीपा आर्याआदि मौजूद रहे।

## लालगन्ज पुलिस ने चार बदमाशो पर गैंगस्टर एक्ट के तहत की कार्रवाई

**प्रतापगढ़।** लालगंज पुलिस ने संगठित अपराधी गिरोह के खिलाफ कार्रवाई करते हुए गैंग लीडर विपिन तिवारी सहित 4 बदमाशो पर गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया। बदमाश हत्या, हत्या का प्रयास जैसे संगीन अपराध में संलिप्त पाए गए। एक बदमाश जिला कारागार में निरुद्ध है, वही तीन बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम अपराधियो के ठिकानों पर दबिश दे रही है। बदमाश विपिन तिवारी गैंग लीडर ग्राम वीरसिंहपुर, थाना लालगंज। सचिन मिश्रा,ग्राम सरायनाभ, थाना सलोन, रायबरेली। अम्बिकेश तिवारी, ग्राम वीरसिंहपुर, थाना लालगंज।मनीष शुक्ला, ग्राम जूही, थाना सांगीपुर क्षेत्र के निवासी है।क्षेत्राधिकारी आशुतोष मिश्रा की अगुवाई में गैंगस्टर एक्ट के तहत अभियुक्तों की संपत्ति कुर्की और कठोर कार्रवाई जारी। वही एसपी का सख्त निर्देश अपराधियों के लिए कोई जगह नहीं। जनता से अपील है कि आपराधिक गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

# हापुड़ शहर के मुख्य मार्गों पर घंटों रहा जलभराव

**वेलकम इंडिया**



हापुड़ जनपद में रविवार रात्रि शुरू हुई बारिश ने नगरपालिका की पोल खोल कर रख दी है। रविवार रात्रि करीब 12 बजे आई मानसून की पहली बारिश में शहर जलमग्न हो गया। मौसम विभाग की माने तो शहर में 11 मिमी बारिश दर्ज की गई। शहर में कोई सड़क कोई एरिया ऐसा नहीं बचा जहां जलभराव ना हुआ हो। जलभराव का आलम यह था कि पानी निकासी की व्यवस्था ना होने के चलते शहर के मुख्य मार्गो पर कई कई घंटे जलभराव बना रहा। शहर वासियों को दूषित पानी से निकालकर अपने अपने काम निपटाने के लिए जाना पड़ा। बता दें नगर पालिका के द्वारा हर साल करोड़ों रुपये सीवर और नालों की सफाई पर खर्च दिखाती है। लेकिन पहली ही बारिश में सड़कों पर पानी भर गया। जलभराव से लोगों के घरों और दुकानों में पानी घुस गया। नगर पालिका ईओ संजय मिश्र का कहना है कि नालों की सफाई कराई गई थी। भारी बारिश और कचरे के कारण जलभराव हुआ है। जलभराव से शहर का न्यायालय परिसर को जाने वाले रास्ता भी अछूता नहीं रहा। जहां जलभराव से कचहरी परिसर साइड में डिवाइडर तक पानी घूमने लगा। जिस कारण परिसर साइड बने नाले की गंदगी सड़क पर आ गई। जिस कारण वहां के निवासियों को आवागमन में कठिनाई उठानी पड़ी। बताते चलें कि हापुड़ की फ्री गंज रोड पर करीब 12 साल पहले नगरपालिका परिषद के द्वारा लाखों रुपए से नाले का निर्माण कराया गया था। परंतु कचहरी परिसर के नजदीक एक अस्पताल एक बैंक एवं कचहरी परिसर के मुख्य मार्ग पर नाले को आरसीसी से कवर कर दिया गया। जिस कारण नाले के पानी की निकासी बाधित है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि इस मामले में दर्जनों बार शिकायत दर्ज कराई गई है। परंतु सभी शिकायतों पर कोई सुनवाई नहीं हुई। फ्री गंज रोड निवासी मांगेराम शर्मा ने बताया कि उक्त मार्ग पर जलभराव की समस्या वर्षों पुरानी है। कितने ही जिलाधिकारी, उपजिलाधिकारी, आए गए, सभी को शिकायत से अवगत कराया लेकिन समाधान वही ढाक के तीन पात। वहीं नगर पालिका परिषद के भी तीन अध्यक्ष अदल बदल गए, सभी ने आश्वाशन के अलावा कुछ नहीं किया। स्थिति ऐसी है कि कुछ मिनटों की बरसात में ही सड़क जलमग्न हो जाती है, और कई कई घंटे तक जलभराव कम नहीं होता है। उन्होंने बताया कि श्रावण मास शुरू होते ही इस मार्ग से लाखों की संख्या में शिवभक्तों का आना शुरू हो जाएगा।

# नगर परिषद सवाई माधोपुर से घोटाले की मूल पत्रावलियां गायब, आरटीआई में खुलासा : राजा भईया ने कराई शिकायतें दर्ज, हो फआईआर



(सवाई माधोपुर) जब बाड ही खेत को खाने लगे तो उसे कौन बचाए वाली कहावत जिले के नगर परिषद कार्यालय के अधिकारियों पर साबित हो रही है यहां एक और बड़ा गम्भीर मामला खोलते हुये हिन्दुस्तान शिवसेना के राष्ट्रीय प्रमुख और दिल्ली हाई कोर्ट के एडवोकेट राजेन्द्रसिंह तोमर राजा भईया ने एक बार फिर से सभी को चौंका दिया है मामला है भी कुछ ऐसा ही सरकारी कार्यालय से सरकारी दस्तावेजों के गायब होने का राजा भईया ने इस बाबत प्रेस नोट जारी कर उसके साथ उपरोक्त नगर परिषद के वर्तमान आयुक्त और लोकसूचना अधिकारी द्वारा दी गई सूचनाओं के साथ साथ जिला कलेक्टर, जिले की पुलिस अधीक्षक और थाना मान टाऊन के प्रभारी को भेजी गई लिखित शिकायतें सांझा करते हुए खुलासा किया है कि नगर परिषद सवाई माधोपुर के कार्यालय से उनके द्वारा पूर्व में खोले गए घोटाले जो कि वेयर हाउस कालोनी स्थित दो भूखंड संख्या बी 50 एवं, बी 51से सम्बंधित थे, कि वर्तमान में मूल पत्रावलियां ही नगर परिषद कार्यालय की भूमि शाखा से गायब कर दी गई हैं इस बात का खुलासा राजा भईया द्वारा लगाई गये साक्ष अधिनियम के तहत मांगे गए आवेदन के जवाब में स्वय वर्तमान नगर आयुक्त ने किया है राजा भईया ने इन भूखंडों की मूल पत्रावलियों में से कुछ दस्तावेज नियमानुसार शुल्क जमा करा कर नगर आयुक्त से मांगे थे जिस पर उन्होंने काफी हिलहुज्जत के बाद राजा भईया को बड़ी मुश्किल से अब सूचित किया है कि ₹ आप द्वारा भूखंड संख्या बी 50 एवं बी 51 की प्रमाणित नकल चाही है, जिसकी मूल पत्रावली कार्यालय में उपलब्ध ना होने के कारण नकल दिया जाना संभव नहीं है ₹ उन्हें यह नहीं बताया गया कि यह मूल पत्रावलियां अगर नगर परिषद कार्यालय में मौजूद नहीं है तो आखिर कहां हैं ? एडवोकेट राजेन्द्रसिंह तोमर राजा भईया ने इसे जान बुझ कर षड्यंत्र कर पत्रावलियों को गायब किया जाना बताया है क्योंकि उपरोक्त भूखंडों के दो मामले उनके द्वारा पहले ही दायर किए जा चुके हैं जो श्रीमान एसीजेएम सवाई माधोपुर की कोर्ट में चल रहे हैं और इन प्रकरणों में कई बड़ी मछलियां फांसी हुई हैं जिनमें से कुछ नगर परिषद के तत्कालीन अधिकारी भी शामिल हैं इसी लिऐ इन प्रकरणों की मूल पत्रावलियां गायब कराई गई है जो कि एक गैर कानूनी, गैर जिम्मेदाराना और लोकसेवक द्वारा अपने कर्तव्यों की पालना ना करते हुऐ सरकारी दस्तावेजों को गायब कर उन्हें खुर्द बुर्द करने का आपराधिक कृत्य है इसके लिया नगर परिषद सवाई माधोपुर की भूमि शाखा में तैनात संबंधित अधिकारी एवं नगर आयुक्त सीधे सीधे जिम्मेवार हैं चेतावनी देते हुए राजा भईया ने स्पष्ट किया है कि वो इस मामले को यहीं नहीं छोड़ेंगे जरूरत पड़ी तो जल्द ही इस प्रकरण में राजस्थान उच्च न्यायालय में रिट पेटिशन भी दायर करेंगे और दोषियों को सजा दिलाएंगे,, अब देखना यह होगा कि किस किस अधिकारी के विरुद्ध क्या क्या कार्यवाहियां जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक और थाना प्रभारी द्वारा की जाती है फिलहाल मामले ने कई संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों की नींदें उड़ा दी हैं।



# हर्षमोहन भारद्वाज की हमेशा से ही समाजसेवा में रूचि रही है : कार्तिकेय शर्मा

वेलकम इंडिया



**हरियाणा/ हिसार( राजेश सलूजा)** बरवाला शहर के हिसार रोड स्थित विराट नगर में पंडित हजारीलाल सदन में राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा द्वारा माता जमना देवी सभागार का लोकार्पण किया गया। सभागार के लोकार्पण अवसर पर उन्होंने पंडित हजारीलाल सदन के स्वामी एवं एचएसएससी के पूर्व सदस्य और महर्षि दधिचि परमार्थ आश्रम ट्रस्ट के चेयरमैन डॉ. हर्षमोहन भारद्वाज का समाज की ओर से धन्यवाद किया। इस मौके पर राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने कहा कि डॉ. हर्षमोहन भारद्वाज द्वारा जरूरतमंद लोगों के लिए सभागार के रूप में एक सराहनीय कदम बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि यह सभागार उन लोगों की जरूरत को पूरा करेगा जिनके सपने अपने बेटे-बेटियों का वैवाहिक कार्यक्रम किसी अच्छे मैरिज पैलेस में करने का सपना संजोये हुए हैं लेकिन आर्थिक स्थिति कमजोर होने के चलते यह सपना केवल उनके मन में ही था। अब डॉ. भारद्वाज की यह पहल उनके सपने को पूरा करने का काम करेगी। राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने कहा कि डॉ. हर्षमोहन भारद्वाज की हमेशा से ही समाजसेवा में रूचि रही है। उन्होंने कहा कि पहले पशुपालन विभाग में बड़े पद पर रहते हुए भी उनका प्रयास रहता था कि हर पशुपालक को जहां सरकारी योजनाओं का लाभ मिले, वहीं हर पशुपालक उन्नति करें, इसी उद्देश्य के साथ वे पशुपालकों को समय-समय पर जागरूक करने के साथ-साथ उनकी हरसंभव मदद करते थे। एचएसएससी के सदस्य रहते हुए डॉ. हर्षमोहन भारद्वाज का प्रयास रहा था कि हर योग्य युवा को उसका हक मिले। वे अपने इसी उद्देश्य को लेकर आगे बढ़ते रहे। उन्होंने कहा कि इसके बाद डॉ. हर्षमोहन भारद्वाज लगातार समाजसेवा व धार्मिक कार्यों में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि डॉ. हर्षमोहन भारद्वाज द्वारा निर्मित पंडित हजारी लाल सदन व माता जमना देवी सभागार अब जरूरतमंद लोगों के लिए वरदान साबित होगा। इस मौके पर डॉ. हर्षमोहन भारद्वाज ने मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा व अन्य अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि यह पल उनके लिए गर्व का विषय है कि आज समाज के गणमान्य लोग उनकी जरूरतमंद लोगों के लिए तैयार किए गए पंडित हजारी लाल सदन व माता जमना देवी सभागार की एक छोटी सी पहल के लिए बधाई देने आए हैं। उन्होंने कहा कि उनके माता-पिता की इच्छा थी कि वे कोई ऐसा सामाजिक काम करें जिससे जरूरतमंद लोगों की इच्छा पूरी हो सके। माता-पिता के इस सपने को उन्होंने इस सभागार के रूप में आगे बढ़ाते हुए पूरा करने के लिए कदम बढ़ाया है। इस मौके पर सेवानिवृत्त कार्यकारी अभियंता हरिकिशन शर्मा व ऐलानाबाद से प्रसिद्ध समाजसेवी सत्यनारायण पांडिया विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे।

# फादरसन पब्लिक स्कूल में शिक्षकों के लिए ध्यान सत्र




वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**चाँदपुरः** फादरसन पब्लिक स्कूल में आगामी शैक्षणिक सत्र 1 जुलाई 2025 से पहले, विद्यालय के सभी शिक्षकों के लिए एक विशेष ध्यान (मेडिटेशन) सत्र का आयोजन किया गया। यह सत्र विद्यालय के प्रधानाचार्य अमन कुमार सूर्यवंशी, द्वारा संचालित किया गया, जिसका उद्देश्य शिक्षकों को मानसिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा के साथ नए सत्र के लिए तैयार करना था। इस प्रेरणादायक सत्र में सभी शिक्षकों ने पूरे उत्साह और लगन के साथ भाग लिया। प्रधानाचार्य अमन कुमार सूर्यवंशी ने ध्यान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ₹एक शांत और एकाग्र मन ही प्रभावी शिक्षण का आधार है। यह ध्यान सत्र हमारे शिक्षकों को आने वाली चुनौतियों का सामना करने और छात्रों के लिए एक उत्कृष्ट सीखने का माहौल बनाने में मदद करेगा।₹ सत्र के दौरान, शिक्षकों ने विभिन्न ध्यान तकनीकों का अभ्यास किया, जिससे उन्हें तनाव कम करने और अपनी एकाग्रता बढ़ाने में मदद मिली। विद्यालय प्रबंधन ने इस पहल की सराहना की और उम्मीद जताई कि यह सत्र शिक्षकों को नए शैक्षणिक सत्र में और भी अधिक ऊर्जा और समर्पण के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित करेगा। इस सफल ध्यान सत्र के साथ, फादरसन पब्लिक स्कूल के सभी शिक्षक पूरी तरह से तैयार और उत्साहित हैं। ताकि वे 1 जुलाई 2025 से शुरू होने वाले नए शैक्षणिक सत्र में छात्रों का स्वागत कर सकें और उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर सकें।

## मथुरा रिफाइनरी में हुआ आपातकालीन पूर्वाभ्यास



वेलकम इंडिया

**मथुरा।** मथुरा रिफाइनरी अपने कर्मियों, प्लांट और रिफाइनरी परिधि मे आने वाले सभी गांवों की सुरक्षा के प्रति हमेशा सजग रहती है। रिफाइनरी में संभावित खतरों से निपटने के लिए समय-समय पर आपातकालीन पूर्वाभ्यास किए जाते हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में गत दिवस रात्रि में ऑन साइट डिजास्टर पूर्वाभ्यास किया गया, जो टैंक में आग लगने से उत्पन्न आपदा से संबन्धित था। टैंक में आग की सूचना मिलते ही रिफाइनरी का अग्नि शमन दस्ता तुरंत घटना स्थल पर पहुंचा और फायर टेंडर से आग बुझाने का काम शुरू किया, घटना की गंभीरता को देखते हुए इसे डिजास्टर घोषित किया गया। ड्रिल के दौरान सभी पर्यवेक्षकों ने अपनी भूमिका निभाई और इसे सफलतापूर्वक पूरा किया। आपातकाल पूर्वाभ्यास के पश्चात हुई बैठक के दौरान पूर्वाभ्यास की गतिविधियों पर प्रकाश डाला गया। इस पूर्वाभ्यास के दौरान की गई विभिन्न गतिविधियों की समीक्षा उच्च स्तरीय प्रबंधमंडल द्वारा की गई। बैठक की अध्यक्षता मथुरा रिफाइनरी के कार्यकारी निदेशक व रिफाइनरी प्रमुख मुकुल अग्रवाल ने की। बैठक में रिफाइनरी प्रबंधन के वरिष्ठ अधिकारी एवं सीआईएसएफ के अधिकारीगण मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# भारतीय हलधर किसान यूनियन के आगरा जिलाध्यक्ष बने असपाक अली

मयूर खान



आगरा में टेडी बगिया जलेसर रोड सोहराब वाटिका में भारतीय हलधर किसान यूनियन का भव्य प्रोग्राम हुआ ।संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष धीरेंद्र सोलंकी ने गांव वास मोहन सहाय निवासी असपाक अली को आगरा जिलाध्यक्ष नियुक्त किया । जानकारी के अनुसार,टेडी बगिया जलेसर रोड स्थित सोहराब वाटिका में भारतीय हलधर किसान यूनियन के बैनर तले एक भव्य एंव ऐतिहासिक कार्यक्रम किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में दर्जनों गाड़ियों के काफिले के साथ भारतीय हलधर किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष धीरेंद्र सोलंकी पहुंचे सभी कार्यकताओं ने कार्यक्रम में आए किसान नेताओं एंव संगठन के पदाधिकारियों का फूल माला पहनाकर स्वागत सम्मान किया ।वाटिका में क्षेत्र के सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे जो तालियों की गूंज से कार्यक्रम को रंगमय बना रहे थे ।कार्यक्रम की अध्यक्षता सैय्यद हाजी असरफ अली (फौजी बाबा) ने की ,राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे फौजी बाबा को माला पहनाई और कार्यक्रम की शुरूआत की गई । राष्ट्रीय अध्यक्ष धीरेंद्र सोलंकी एंव प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण गोपाल सिंह ने नियुक्त पत्र देकर असपाक अली को आगरा जिलाध्यक्ष नियुक्त किया ।उनके नाम की घोषणा होते ही कार्यकताओं में खुशी की लहर दौड़ गई ।सभी ने असपाक अली को फूल मालाओं से लाद दिया,और कार्यकर्ता जोर जोर से नारे लगाने लगे ।नवनियुक्त जिला अध्यक्ष असपाक अली ने कहा कि वे संगठन का दायित्व पूरी ईमानदारी से निभाएंगे। उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष के आदेशों का पालन करने और किसानों व गरीबों की समस्याओं के समाधान के लिए संघर्ष करने का संकल्प लिया है। मीडिया से बात करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष धीरेंद्र सोलंकी ने कहा कि आज टेडी बगिया सोहराब वाटिका में हुए भारतीय हलधर किसान यूनियन के भव्य कार्यक्रम में असपाक अली को आगरा जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है ।राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि किसानों को फसल का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है इसके लिए हम लगातार सरकार से किसान आयोग गठन की मांग कर रहे हैं ।

## मुख्य विकास अधिकारी ने ली नोडल अधिकारी कार्मिक और अन्य अधिकारियों की बैठक



वेलकम इंडिया

**बागेश्वर,** मुख्य विकास अधिकारी आर सी तिवारी द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन-2025 के अंतर्गत मतदान कर्मियों को उपलब्ध कराई जाने वाली लेखन सामग्रियों की जांच नोडल अधिकारी की उपस्थिति में की गई। सीडीओ तिवारी ने कहा कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को निष्पक्षता एवं शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के लिए अधिकारी कर्मी मिलजुलकर चुनाव आयोग के निर्देश को गम्भीरता से लेते हुए से मिले हुए दायित्व का निर्वहन करने के लिए अभी से कमर कस लें। सीडीओ तिवारी द्वारा सामग्रियों की गुणवत्ता एवं मात्रा की विधिवत जांच की गई तथा सुनिश्चित किया गया कि निर्वाचन कार्य निर्विघ्न एवं सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हो। इस दौरान जिला विकास अधिकारी एवं नोडल अधिकारी (कार्मिक) संगीता आर्या, समाज कल्याण अधिकारी जसमीत कौर आदि भी उपस्थित रहीं।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने लगाई फांसी जेब में मिला सुसाइड नोट

**मथुरा।** गोवर्धन थाना क्षेत्र के मथुरा रोड स्थित जमुना मोटर्स के पास एक बगीचे में एक युवक पेड पर लटका मिला है। युवक की पहचान जेब में मिले सुसाइड नोट से पंकज कुमार पुत्र रामकिशन निवासी अतरौली अलीगढ़ के रूप में हुई है ।आत्महत्या के पीछे क्या कारण है यह तो पुलिस की जांच के बाद ही पता चल पाएगा। फांसी की घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई और घटना स्थल पर लोगों का हुजूम लग गया। युवक की उम्र देखने में लगभग 25 वर्ष प्रतीत होती रही है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसके जेब से निकले कुछ कागजातों के आधार पर पूछताछ कर जांच शुरू कर शव को पंचनामा कर पोस्टमार्टम गृह मथुरा भेज दिया है।

# पीस पार्टी ने पेयरिंग नीति के खिलाफ राज्यपाल को सम्बोधित जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** प्रदेश सरकार की पेयरिंग नीति के खिलाफ सोमवार को पीस पार्टी की महिला जिलाध्यक्ष मीनू सिंह के नेतृत्व में कार्यकताओं ने राज्यपाल को सम्बोधित 7सूत्री मांग पत्र जिलाधिकारी को सौंपा ।जिसमें कहा गया है कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों के हित में स्कूल पेयरिंग नीति की समीक्षा एवं शिक्षा व्यवस्था में व्याप्त अव्यवस्थाओ को दूर करने की आवश्यकता है। दिए गये ज्ञापन में कहा गया है कि आजकल शिक्षा की पेयरिंग नीति इस समय लाखों गरीबो,किसानों,मजदूर परिवारों की पीड़ा बन चुकी है ।बर्तमान में लगभग5000स्कूल पेयरिंग नीति के तहत बंद कर ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को उनके नजदीक स्कूलों से दूर क्षेत्रों के स्कूलों में स्थानांतरित किया जारहा है ।जिससे बच्चों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा ।ज्यादातर ग्रामीण क्षेत्रो के बच्चे प्रभावित होरहे हैं ।जिनके पास कोई संसाधन व यातायात के साधन मौजूद नहीं है ।जो शिक्षा से वंचित होने पर मजबूर होरही है ।ऐसे में मांग की गई है कि स्कूल पेयरिंग नीति पर पुनर्विचार किया जाय ।जिससे नजदीकी बच्चों के साथ अन्याय न हो ।कक्षा8तक के बच्चों को आधार कार्ड की अनिवार्यता खत्म की जाय ।शिक्षा मित्रों को समायोजित किया जाय जो वर्षों से अपनी सेवाएं दे रहे हैं ।शिक्षकों की सम्यवद्ध पदोन्नति हो ।प्रमोशन में देरी के कारण शिक्षके हतोत्साहित होते हैं। प्रत्येक विद्यालयों में प्रधानाचार्य की नियुक्ति की जाय ।जिससे शिक्षक,शिक्षा संचालन में गुणवत्ता और जिम्मेदारी आये ।सरप्लस के नाम पर शिक्षकों का उत्पीड़न बंद हो ।शिक्षकों से गैर शिक्षण कार्य लेना रोक जाय ।जिससे मानसिक और स्वस्थ सम्बन्धी समस्याओं से बच सकें और शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दे सकें ।इस पर विशेष ध्यान देने और शिक्षा विभाग को आवश्यक दिशा निर्देश की गयी है। इस मौके पर राष्ट्रीय सचिव अफरोज बादल,जिला सचिव शमशाद अहमद,यासिर निजाम,मगहर नगर अध्यक्ष ओबैदुन्नबी,युवा व्यापारमंडल अध्यक्ष दीपक जायसवाल,मिनहाज मलिक,सूरज निषाद,हमीदुल्ला खान,अमित कुमार ,शिवा चौधरी,इमरान कैफ ,मोहम्मद अकरम,वलीउल्लाह खान, मोहम्मद हुसैन,शफीक लीडर,जमील अहद आदि कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

## पंचायत चुनाव को शांतिपूर्ण और निष्पक्षता पूर्ण ढंग से निपटाने के लिए जिला प्रशासन तैयार

वेलकम इंडिया




बागेश्वर गोविन्द मेहता, बागेश्वर जिले में पंचायत चुनाव के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह से तैयार है ।जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष भटगाई ने इसके लिए सभी अधिकारियों को पंचायत चुनाव को शांति पूर्ण और निष्पक्षता सेनिपटाने के लिए युद्धस्तर पर तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए थे ।साथ ही तैयारियों के लिए अधिकारियों को दायित्व दिए गए थे। जनपद में कुल 461 मतदान केंद्रों पर चुनाव सम्पन्न कराने हेतु 2565 कार्मिक नियुक्त किए गए हैं। तीन विकास खंडों के लिए तीन रिटर्निंग अधिकारी एवं जिला पंचायत सदस्य चुनाव के लिए एक रिटर्निंग अधिकारी तैनात किया गया है। आपदा की दृष्टि से अब तक 40 बूथों को चिह्नित किया जा चुका है ।जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने सोमवार को जिला कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में जानकारी दी कि ग्राम पंचायत चुनाव के लिए तीन रिटर्निंग अधिकारी, जिला पंचायत सदस्य चुनाव के लिए एक रिटर्निंग अधिकारी एवं कुल 36 सहायक रिटर्निंग अधिकारी (एआरओ) तैनात किए गए हैं। जनपद को कुल 15 जोनल और 61 सेक्टर में विभाजित किया गया है। जिलाधिकारी /जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रेस वार्ता करते हुए बताया कि जनपद में कुल 405 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं, जिनमें बागेश्वर में 182, कपकोट में 122 तथा गरुड़ में 101 केंद्र शामिल हैं। पूरे जिले में 138 संवेदनशील और 60 अति संवेदनशील बूथ चिह्नित किए गए हैं। संवेदनशील बूथों में बागेश्वर में 40, कपकोट में 62 और गरुड़ में 36 बूथ शामिल हैं, जबकि अति संवेदनशील बूथों में बागेश्वर में 16, कपकोट में 10 और गरुड़ में 34 बूथ शामिल हैं ।जनपद में कुल 2,03,930 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे, जिनमें बागेश्वर में 77,941, कपकोट में 68,080 तथा गरुड़ में 57,909 मतदाता शामिल हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि तीनों विकास खंडों में नामांकन प्रक्रिया 2 जुलाई से 5 जुलाई तक प्रातः 8 बजे से सायं 4 बजे तक संपन्न होगी। नामांकन पत्रों की जांच 7 जुलाई से 9 जुलाई तक सुबह 8 बजे से की जाएगी। नाम वापसी की तिथि 10 एवं 11 जुलाई तय की गई है, जबकि प्रतीक चिह्न का आवंटन 14 जुलाई को किया जाएगा। मतदान 24 जुलाई को प्रातः 8 बजे से सायं 5 बजे तक तथा मतगणना 31 जुलाई को प्रातः 8 बजे से शुरू होगी ।उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य पदों के लिए नामांकन पत्रों की बिक्री, प्राप्ति, जांच, नाम वापसी तथा प्रतीक आवंटन संबंधित विकास खंडों में ही होंगे।

## भागवत प्रवक्ताओं पर अखिलेश यादव का बयान निंदनीय, संत हुए नाराज



वेलकम इंडिया

**मथुरा।** श्री कृष्ण जन्मभूमि मंदिर मस्जिद केस के मुख्य याचिका कर्ता पंडित दिनेश फलाहारी ने कहा है कि अखिलेश यादव ने भागवत प्रवक्ताओं पर रुपए लेकर भागवत करने का जो आरोप लगाया है, यह बयान बहुत ही निंदनीय है। दिनेश फलाहारी ने कहा कि उनकी सरकार ने राम भक्तों पर गोलियां चलाई है, वह हमेशा सनातन के खिलाफ रहे हैं। स्वामी सत्यमित्रानंद जी महाराज ने कहा कि अखिलेश यादव ने जो होटल और बिल्डिंग खरीदी है वह पैसा कहां से आया। महामंडलेश्वर रामदास जी महाराज ने अखिलेश यादव के बयान की निंदा की और कहा कि अखिलेश यादव को ऐसे दुर्भाग्यपूर्ण बयान नहीं देने चाहिए जिससे भागवत आचायों को ठेस पहुंचे। आचार्य राजेश शास्त्री ने भी अखिलेश यादव के बयान की निंदा की और कहा कि सनातन धर्म के विरोध में बोलने वालों को हम अपनी वोट बैंक की ताकत से सबक सिखाएंगे।

## प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल और सांसद लोकसभा क्षेत्र अमरोहा कुंवर सिंह तंवर की अध्यक्षता में दिशा की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न

वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा




हापुड़ जनपद के जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार मे प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल एवं सांसद लोकसभा क्षेत्र अमरोहा कुंवर सिंह तंवर की अध्यक्षता मे आयोजित की गयी। सर्वप्रथम गत बैठक की अनुपालन आख्या से मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम के द्वारा प्रभारी मंत्री को अवगत कराया। दिशा बैठक के दौरान दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, राष्ट्रीय समाजिक सहायता कार्यक्रम, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, राष्ट्रीय ग्रमीण पेयजल कार्यक्रम, प्रधानमंत्री कृषि सिचाई योजना, दीन दयाल उपाध्याय विद्युत योजना, मृदा स्वस्थ कार्ड, अमृत योजना तथा अन्य योजनाओ की समीक्षा पर मंत्री जी ने सभी अधिकारियो से योजनाओं को निर्धारित अवधि मे पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होने कहा की जिन योजनाओ को शासन से स्वीकृति प्राप्त है उसके लोकार्पण और शिलान्यास करने से पूर्व जनपद के प्रतिनिधियों को जानकारी अवश्य दी जाए। सांसद लोकसभा क्षेत्र अमरोहा के द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बने मकानों में पात्र लाभार्थियों को लाभ दिलाने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा की जिनकी पेंशन शासन स्तर पर लम्बित है उनके लिये जिला समाज कल्याण अधिकारी व्यक्तिगत प्रयास कर ले। उन्होंने समाज कल्याण अधिकारी को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष जो भी आवेदन प्राप्त हो रहे हैं उनकी जल्द से जल्द तिथि निर्धारित करके विवाह कार्य संपन्न कराया जाए उन्होंने स्पष्ट कहा कि अधिक से अधिक आवेदनों के चक्कर में पूर्व में प्राप्त हुए आवेदनों के कार्य में विलंब नहीं किया जाए। समाज कल्याण विभाग में सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत जो भी आवेदन प्राप्त हो रहे हैं उनमें निरंतर करवाई सुचारू रहनी चाहिए।

# काईट द्वारा किया गया बेंगलुरु चैप्टर 2.0 का भव्य एलुमनाई मीट आयोजित

वेलकम इंडिया



मुरादनगर ( अनिल वशिष्ठ)। काईट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस ने अपने एलुमनाई मीट के बेंगलुरु चैप्टर 2.0 का सफलतापूर्वक आयोजन किया, जिसमें विभिन्न समय क्षेत्रों के 250 से अधिक प्रतिष्ठित पूर्व छात्र सम्मिलित हुए। यह कार्यक्रम पूर्व छात्रों को फिर से जुड़ने, यादों को ताजा करने और अपने अल्मा मेटर के साथ अपने बंधन को पुनर्जीवित करने के लिए आयोजित किया गया था।इस कार्यक्रम में संस्थान की और से डॉ. मनोज गोयल (संयुक्त निदेशक), डॉ. आदेश पांडे (निदेशक अकादमिक), डॉ. अभिनव जुनेजा (निदेशक, कॉर्पोरेट संबंध और प्लेसमेंट केंद्र), डॉ. विनीत शर्मा (डीन, कंप्यूट साइंस इंजीनियरिंग), डॉ. आशीष कर्णवाल (डीन, मैकेनिकल इंजीनियरिंग), श्रीमति पंकज धूपर (प्रमुख, कॉर्पोरेट संबंध और प्लेसमेंट केंद्र), डॉ. कमल कांत शर्मा (प्रमुख, एलुमनाई इंगेजमेंट सेल), विशाल शर्मा (अतिरिक्त प्रमुख, कॉर्पोरेट संबंध और प्लेसमेंट केंद्र) और सुश्री आंचल (कार्यकारी, एलुमनाई इंगेजमेंट सेल) उपस्थित थे। इनकी उपस्थिति ने इस अवसर को बहुत मूल्यवान बना दिया, जिससे संस्थान की एक मजबूत और समावेशी पूर्व छात्र नेटवर्क बनाने की प्रतिबद्धता को बल मिला। कार्यक्रम में काईट एलुमनाई एसोसिएशन (के०ए०ए) के मुख्य सदस्य भी मौजूद थे। इनमें शिवम शुक्ला (अध्यक्ष), कुमार गौरव (उपाध्यक्ष), विनोद (महासचिव), विनय कुरील (संयुक्त सचिव - ओवरसीज), सुश्री अर्जिता भटनागर (कोषाध्यक्ष) और अंकुर पाठक (सदस्य) शामिल थे, जिनके निरंतर समर्पण और प्रयासों ने इस कार्यक्रम को एक शानदार सफलता बना दिया। अपने संबोधन में संसथान के संयुक्त निदेशक, डॉ. मनोज गोयल ने सभी पूर्व छात्रों को वर्तमान छात्रों को सक्रिय रूप से मार्गदर्शन करने और आजीवन सीखने की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा, ₹आपने जो पदचिह्न छोड़े हैं, हम छात्रों के साथ मिलकर उन्हीं पदचिह्नों पर काम करने और नए मानक स्थापित करने तथा आपके बताए मार्ग पर चलने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। चाहे इंटर्नशिप हो या इंटरव्यू/प्रोजेक्ट के लिए मेंटरशिप, हमारे पूर्व छात्र हमारे वर्तमान छात्रों की मदद कर रहे हैं। पूर्व छात्रों का यह समर्थन हमें अपने छात्रों के करियर में योगदान देने में एक हेल्पलाइन की तरह काम कर रहा है। इसलिए, मैं आप सभी का धन्यवाद करता हूँ। कार्यक्रम का समापन श्रीमति पंकज धूपर (प्रमुख, कॉर्पोरेट रिलेशंस एंड प्लेसमेंट सेंटर) के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें उन्होंने सभी पूर्व छात्रों के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की, जो इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए दूर-दूर से आए थे, खासकर वे जो अपने जीवनसाथी और बच्चों के साथ आए थे। उन्होंने इन पूर्व छात्रों की पहल के पीछे उनके अटूट समर्थन और दृष्टि के लिए सम्मानित अतिथियों, काईट पूर्व छात्र संघ के सदस्यों, आयोजन टीम और काईट प्रबंधन को भी धन्यवाद दिया।

# प्रभु राम व भक्त हनुमान जी का गुणगान किया





वेलकम इंडिया

**मोदीनगर( अनिल वशिष्ठ)।** रिषम विहार कॉलोनी स्थित शिव मंदिर में पिछले कई वर्षों से हनुमान चालीसा का पाठ होता आ रहा है। भक्तों की इच्छा अनुसार दिनांक 3 जून से लगातार प्रत्येक मंगलवार को सुंदरकांड के पाठ का भी आयोजन सभी भक्तों द्वारा आपस में मिलकर शाम 5:15 से किया जा रहा है। जिसमें सभी भक्तजन बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं व प्रभु राम व भक्त हनुमान जी आदि का गुणगान कर रहे हैं। इसमें पंडित नन्द किशोर शर्मा के द्वारा हनुमान जी की लीलाओं का वर्णन किया जा रहा है।इस पवित्र कार्यक्रम में सभी रिषभ बिहार वासियों के साथ-साथ राजेंद्र अग्रवाल (मोदी पोन वाले ) नानक चंद त्यागी, प्रदीप त्यागी, पी एल सक्सेना, डी सी शर्मा, आत्माराम शर्मा, कपिल त्यागी, जनक राज, अरुण वशिष्ठ, प्रदीप त्यागी (सोन्दे वाले) आदि का भरपूर सहयोग प्राप्त हो रहा है। यह कार्यक्रम हनुमान जी के आशीर्वाद से प्रत्येक मंगलवार शाम 5:15 बजे से शुरू होता है।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण किया



वेलकम इंडिया

मोदीनगर( अनिल वशिष्ठ)। मोदीनगर भाजपा कार्यकताओं ने वार्ड न 29 आदर्श नगर बूथ न 172 पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना। तत्पश्चात डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उन्हें याद करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की। साथ ही वार्ड के ई एस आई हॉस्पिटल में स्थित शिव मंदिर के प्रांगण में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण किया।इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ नवेंद्र गौड जिला महामंत्री ने सभी को एक पेड़ मां के नाम लगाने व उस पेड़ की देखभाल करने का संकल्प दिलाया।कार्यक्रम का आयोजन ललित त्यागी सभासद, विधानसभा संयोजक एक पेड़ मां के नाम अभियान ने किया इस मौके पर शिव अग्रवाल जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा, रिंकू प्रधान, मोहित त्यागी, पवन शर्मा, गोपाल गुप्ता, रविन्द्र कुमार, संदीप वर्मा आदि उपस्थित रहे।

# दिनेश कुमार गोयल सभापति ने की अध्यक्षता में विद्युत व्यवस्था संबंधी जांच समिति की बैठक सम्पन्न

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद ( अनिल वशिष्ठ)।** लखनऊ में दिनेश कुमार गोयल, सभापति प्रदेशीय विद्युत व्यवस्था संबंधी जॉच समिति की अध्यक्षता में विद्युत व्यवस्था संबंधी जांच समिति की बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव ऊर्जा विभाग, अध्यक्ष उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन निगम लि0 लखनऊ, प्रबन्ध निदेशक मध्यांचल, प्रबन्ध निदेशक पश्चिमांचल तथा प्रबन्ध निदेशक दक्षिणांचल के उच्चाधिकारियों ने अपने विद्युत से सम्बन्धी साक्ष्य प्रस्तुत कियें। जिसमें कई गम्भीर विषयों पर चर्चा की गयी एवं विद्युत व्यवस्था सुधारने के लिए उचित कदम उठाने हेतु सभापति द्वारा निर्देशित किया गया। इस मीटिग के दौरान सभापति दिनेश कुमार गोयल के साथ विजय बहादुर पाठक, अश्वनी त्यागी, रवि शंकर पप्पू भैया, शैलेन्द्र प्रताप सिंह, जितेन्द्र सिंह सेंगर, सलिल विश्नाई सदस्यगण विधान परिषद व डा आशीष गोयल चेयरमैन विद्युत वितरण निगम लि0, एम0डी0 दक्षिणांचल व अन्य विद्युत विभाग से सम्बन्धित सभी उच्चाधिकारी मौजूद रहें।

# विदेशों में भी बेहद लोकप्रिय भारतीय खेल खो खो.-एम एस त्यागी

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर( अनिल वशिष्ठ)** गोविंदपुरी स्थित छाया पब्लिक स्कूल के सभागार में भारत का पारंपरिक खेल खो खो जो 30 जून को अंतरराष्ट्रीय खो खो दिवस के रूप में मनाया जाता है। अंतर्राष्ट्रीय खो खो दिवस के अवसर पर खो खो भारत प्रमोशन वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वाधान में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसमें प्रदेश भर से आए खेल व शारीरिक शिक्षा के 200 से अधिक प्रशिक्षकों व शिक्षकों ने भाग लिया मुख्य अतिथि खो खो फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव एम एस त्यागी रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आज विश्व के 50 से भी अधिक देश पारंपरिक खेल खो-खो को खेल रहे हैं खो खो वर्ल्ड कप 2025 जिसमें 25 से अधिक टीमों ने भाग लिया। इसकी लोकप्रियता का परिचायक है उन्होंने कहा की खो -खो आज मिट्टी से मैट पर खेली जाने लगी है और जल्दी यह हमारा पारंपरिक खेल ओलंपिक में भी शामिल हो जाएगा । जिसकी हमें आशा ही नहीं पूरी उम्मीद है। अंतर्राष्ट्रीय खो खो दिवस के अवसर पर वर्तमान समय में पारंपरिक खेलों का महत्व विषय पर एक गोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें मुख्य अतिथि एम एस त्यागी द्वारा सभी शारीरिक शिक्षा के शिक्षकों व प्रशिक्षकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# सिबली हॉस्पिटल का पूजा अर्चना के साथ हुआ शुभारंभ



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर( अनिल वशिष्ठ)।** दिल्ली मेरठ मुख्य मार्ग पर एचडीएफसी बैंक के निकट सिबली हॉस्पिटल का उद्घाटन हवन, पूजा अर्चना के बाद नगर की प्रमुख महिला चिकित्सक डॉ सुनन्दा गोविल एवं उनके पति नगर के प्रमुख ऑर्थो सर्जन (हड्डी रोग विशेषज्ञ) डा० एस० के० गुप्ता ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि उपचार के लिए जो सुविधाएं एक अच्छे अस्पताल में आज होनी चाहिए वह सब सुविधाएं यहां सहज सुलभ हैं। साधन व संसाधन उन्नत हैं, और सबसे बड़ी बात भरोसेमंद चिकित्सकों का पैनल है।इस अवसर पर प्रमुख समाज सेवी एवं उद्यमी स्व० श्री सत्यप्रकाश मित्तल के पुत्र एवं इस आधुनिकतम सिबली अस्पताल के संस्थापक डा० राकेश मित्तल ने बताया कि हमरा ध्येय मरीजों को सहज, सुलभ, सस्ता उपचार उपलब्ध कराने का रहेगा।उन्होंने कहा कि इस अस्पताल को आगे विस्तार करके और मल्टी फ्लोर बनाया जायेगा। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं विधायक डॉ मंजू शिवाच के पति प्रमुख सर्जन डॉ देवेन्द्र शिवाच, नगर पालिका के चेयरमैन विनोद वैशाली, भाजपा नेता सतेन्द्र त्यागी, डॉ मुकेश गर्ग, उद्यमी राज ढींगरा, नरेन्द्र माहेश्वरी, संजीव माहेश्वरी, उद्यमी सुनील गुप्ता, रालोद नेत्री एवं चिकित्सक डॉ पूनम गर्ग, डा० अभिषेक शर्मा, डा० साहिल गर्ग, डॉ श्रुति माहेश्वरी, डा० मानवी गुप्ता, शोभित मित्तल, स्वर्णकार नेता व विरेन्द्र गुप्ता, कांतिप्रसाद बाली, विवेक गुप्ता, व्यवसायी सुरेश चंद गुप्ता, भाजपा नेता अरविन्द भारती, अजय मित्तल, आरसी शर्मा, डॉ० दिनेश कंसल, डॉ० देवेंद्र कंसल, राजू मित्तल, शिक्षाविद् समय सिहं सिसौदिया, सतीश जैन, संजय गुप्ता, किसान नेता वेदपाल मुखिया, आलोक गुप्ता, श्रीप्रकाश गुप्ता, सभासद ललित मित्तल, कपिल गुप्ता, डॉ० गुरूदत्त, आदि लोग उपस्थित थे। डॉ राकेश कुमार मित्तल व शोभित मित्तल ने कार्यक्रम में पधारे सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।

# खनन माफियाओं ने बीस फिट गहरी खोद दी जमीन, हवा में लटका कुआं

वेलकम इंडिया



**वाराणसी मिजार्मुराद** । जौनपुर जिले के जलालपुर थाना क्षेत्र के केरांव गांव में एक हैरान कर देने वाली तस्वीर सामने आई है, जो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर खूब तेजी से वायरल हो रही है। वायरल हो रही वीडियो में एक कुआं अब जमीन पर नहीं, बल्कि जमीन तल से करीब 20 फीट ऊपर दिखाई दे रही है। पुलिस संरक्षण में खनन माफियाओं द्वारा मिट्टी खुदाई का यह दृश्य न केवल आंखों को चकाचौंध करती है, बल्कि पुलिस और प्रशासनिक व्यवस्था पर गंभीर सवाल भी खड़ी कर देती है। यह तस्वीर जो देखने को मिल रही है इसमें किसी और का खेल नहीं, बल्कि जलालपुर पुलिस संरक्षण में खनन माफियाओं की करतूत है। खनन माफिया ने इस कदर मिट्टी की खुदाई किया है कि कुएं के चारों तरफ की मिट्टी को लगभग 20 फीट गहराई तक खोद डाली है और कुआं हवा में झूल रहा है। हालांकि वीडियो की पुष्टि हम नहीं करते हैं। लेकिन स्थानीय लोग इस स्थिति को पुलिस संरक्षण में खनन माफिया की लूट और सरकारी तंत्र की निष्क्रियता का नतीजा बताया है। स्थानीय निवासी रामाश्रय के अनुसार, रात 9 बजे से सुबह 4 बजे तक लगातार मिट्टी की खुदाई होती है। उनका घर खनन स्थल से महज 50 मीटर की दूरी पर है। उन्होंने बताया कि रात भर जेसीबी और ट्रैक्टरों की आवाज से सोना मुश्किल हो गया है, लेकिन गांव का प्रधान भी मौन है। वहीं गांव की एक अन्य महिला शांति, ने बताया कि उनके खेत से सटी बंजर सरकारी जमीन की भी मिट्टी पुलिस संरक्षण में खनन माफियाओं द्वारा निकाल कर बेच दी गई है। क्षेत्रीय निवासी डॉ.अकिल अहमद, ने बताया कि गांव में ही मैंने एक बीघा जमीन खरीद रखी है, माह भर पूर्व एक रात चार-पांच जेसीबी और दस से पंद्रह ट्रैक्टर-डंपर उनकी जमीन पर मिट्टी का खनन करने लगे। उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी, पुलिस आई भी और एक ट्रैक्टर को जब्त किया, लेकिन कुछ ही घंटों में बिना किसी कानूनी कार्रवाई के ही उसे छोड़ दिया गया। डॉ. अकिल का कहना है कि उन्होंने इस पूरे मामले की शिकायत एसपी, डीएम और खनन विभाग के अधिकारियों से की, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। निराश होकर वे अब न्याय की उम्मीद छोड़ चुके हैं।


# नहर का तट बंध टूटा खेत हुआ जलमग्न



वेलकम इंडिया

**मिजार्मुराद।** क्षेत्र के कोषडा गांव (चक्रपानपुर) में रविवार की देर रात भुवालपुर माइनर (नहर) का तट बन्ध टूट गया जिसके चलते सहदेई देवी का दो बीघा धान का फसल डूब गया।सोमवार की सुबह खेत देख रख करने वाले कल्लू यादव खेत पर पहुंचे तो नहर टूटने की सूचना नहर विभाग को दिया।वही किसान नहर को बांधने में लग गए लेकिन पानी का बहाव तेज होने के कारण पानी रुक नही रहा था।करीब 10 बजे नहर विभाग द्वारा मौके पर मजदूरों को भेजकर टूटे हुए नहर को बालू की बोरी लगवाकर बांधा गया तक जाकर पानी बंद हुआ।नहर के ठेकेदार अजीत ने बताया कि नहर में पानी एका एक ज्यादा हो जाने के कारण नहर का तट बंध टूट गया किसी का नुकसान नही हुआ नहर से सटे बाहा भी टूट गया जिसके चलते पानी काफी दूर तक खेतों में फैल गया था।टूटे हुए नहर को बांध दिया गया है अब कोई समस्या पानी का नही है।

# 30 लाख गांजे के साथ 4 तस्करों को नोएडा फेस 2 पुलिस ने किया गिरफ्तार





वेलकम इंडिया

**इंद्रेश शर्मा, गौतमबुधनगर।** जिला गौतमबुद्धनगर की थाना फेस-2 व सीआरटी टीम ने अवैध गांजे की तस्करी करने वाले अंतर्राज्यीय गैंग का पदार्फाश करते हुए 04 अभियुक्तओ को गिरफ्तार किया जिनके कब्जे से 108 किलोग्राम अवैध गाँजा बरामद हुई है जिसकी बाजार की कीमत करीब 30 लाख रुपए है। डीसीपी सेंट्रल नोएडा शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया 30 जून दिन सोमवार को थाना फेस-2 नोएडा पुलिस द्वारा लोकल इंटेलिजेंस व बीट पुलिसिंग की सहायता से चेकिंग के दौरान बड़ा पार्क निम्मी बिहार के सामने, सेक्टर-88, गौतमबुद्धनगर से अवैध गाँजे की तस्करी करने वाले अंतर्राज्यीय गैंग का पदार्फाश करते हुए 04 अभियुक्त अब्दुल्ला , सोवान शाबान हसन तथा समीर हसन को गिरफ्तार किया है। इस गैंग का सरगना अब्दुल्ला है यह सभी मुजफ्फरनगर के रहने वाले है। इनके अपराध का तरीका उड़ीसा के आयुष से माल खरीद कर रेल के माध्यम से एनसीआर में माल लाकर बेचते थे । किसी को शक ना हो इसलिए गांजे को इनवर्टर की बॉडी में भरकर तस्करी किया करते थे। एक इनवर्टर में 6 किलो गांजा भरते थे। बदमाशों को पकड़ने वाली पुलिस टीम को 25 हजार का इनाम दिया जाएगा।

# गुणवत्ता शिक्षा की ओर ठोस कदम: बेसिक शिक्षा की समीक्षा बैठक में दिए गए अहम निर्देश

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद**। जिले की प्राथमिक शिक्षा को सशक्त बनाने की दिशा में सोमवार को मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) अभिनव गोपाल की अध्यक्षता में बेसिक शिक्षा विभाग की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में शैक्षिक योजनाओं, नामांकन वृद्धि, विद्यालय कायाकल्प, डिजिटल शिक्षा उपकरणों की स्थिति, और केजीबीवी विद्यालयों के नवनिर्मित भवनों पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक की शुरूआत में विद्यालयों में नामांकन की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई। सीडीओ अभिनव गोपाल ने कहा कि 6 से 14 वर्ष तक का कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित नहीं रहना चाहिए। इसके लिए सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को अपने क्षेत्रों का अद्यतन डाटा तैयार करने, पेयरिंग व्यवस्था को मजबूत करने, और आधार कार्ड/जन्म प्रमाण पत्र की व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए। संपर्क फाउंडेशन द्वारा परिषदीय विद्यालयों में स्थापित स्मार्ट टीवी और डिजिटल डिवाइसों की समीक्षा की गई। साथ ही, 'चिम्पल ऐपज के माध्यम से बच्चों को प्रभावी ढंग से होमवर्क देने की प्रक्रिया को सक्रिय रूप से लागू करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों (केजीबीवी) के नवनिर्मित भवनों के हस्तांतरण, डीबीटी योजनाओं की प्रगति, और पुराने जर्जर विद्यालय भवनों की नीलामी व पुनर्निर्माण पर भी अहम निर्णय लिए गए। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री ओ.पी. यादव ने इन विषयों पर विस्तृत प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिस पर सीडीओ ने संतोष व्यक्त किया। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी अधिकारी शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता, डिजिटल नवाचार और ढांचागत सुधारों को प्राथमिकता दें। बैठक में बीईओ, बीडीओ, जिला समन्वयक, एसआरजी, निपुण सेल, संपर्क फाउंडेशन व चिम्पल ऐप प्रतिनिधि सहित शिक्षा क्षेत्र के सभी प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

# गाजियाबाद के होनहार अक्षित शर्मा ने रैपिड चेस टूनार्मेंट में मारी बाजी

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद**। शतरंज जिसे अक्सर 'मौन युद्ध' और बुद्धि का अखाड़ा कहा जाता है उस शांति से भरे मैदान पर जब चालें बोलती हैं, तब सिर्फ मोहरें नहीं, प्रतिभाएं भी अपनी पहचान बनाती हैं। ऐसी ही एक बिसात पर गाजियाबाद के डीपीएस पब्लिक स्कूल, मेरठ रोड में अध्ययनरत कक्षा 9 के छात्र, अक्षित शर्मा ने अपनी विलक्षण बुद्धिमत्ता, धैर्य और रणनीतिक कौशल के दम पर इतिहास रच दिया। नोएडा सेक्टर-116 स्थित ग्लोबल स्पोर्ट्स एकेडमी में आयोजित प्रतिष्ठित 'काबिल किड्स रैपिड चेस टूनार्मेंट' में अक्षित ने अंडर-16 श्रेणी में पहला स्थान हासिल कर न केवल अपने विद्यालय का, बल्कि पूरे जनपद गाजियाबाद का नाम रोशन कर दिया। उनके इस शानदार प्रदर्शन ने यह साबित कर दिया कि बड़ी जीत के लिए न उम्र मायने रखती है, न आकार–सिर्फ सोच और संयम ही असली ताकत है। इस प्रतियोगिता में दिल्ली-एनसीआर के विभिन्न जिलों से आए 58 प्रतिभाशाली बाल खिलाड़ी शामिल हुए थे। अलग-अलग आयु वर्गों -अंडर-8 (14), अंडर-10 (18), अंडर-12 (16) और अंडर-16 (10) प्रतिभागियों ने अपने दिमागी कौशल का प्रदर्शन किया। लेकिन अंडर-16 वर्ग में अक्षित शर्मा ने अपनी एकाग्रता, चतुराई और आत्मविश्वास से सभी प्रतिद्वंद्वियों को पीछे छोड़ते हुए पहला स्थान हासिल किया। इस वर्ग में सार्थक सिंह बिष्ट (द्वितीय), राघव शर्मा (तृतीय), आरिव अग्रवाल (चतुर्थ) और श्रेष्ठ गिनवाल (पंचम) स्थान पर रहे। यह पहला अवसर नहीं है जब अक्षित ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। इससे पूर्व भी वह कई चेस टूनार्मेंट में सफलता के झंडे गाड़ चुके हैं। परंतु इस बार उन्होंने न केवल अपने आयु वर्ग के खिलाडियों को हराया, बल्कि अपने से बड़े उम्र के विरोधियों को भी पराजित कर यह सिद्ध किया कि उम्र नहीं, सोच बड़ी होनी चाहिए। अक्षित की इस उपलब्धि में उनके परिवार की भूमिका बेहद अहम रही है। उनकी मां प्रीति शर्मा, जो स्वयं एक शिक्षिका हैं, अक्षित की मानसिक तैयारी, अभ्यास और रणनीतिक सोच को लगातार निखारने में जुटी रहती हैं। वहीं उनके पिता मनोज शर्मा ने संघर्षों में भी उत्साह और आत्मबल का संचार कर अक्षित को कभी हार न मानने का जज्बा दिया। माता-पिता के इस अनुकरणीय साथ ने ही अक्षित को हर टूनार्मेंट में नए आत्मविश्वास के साथ उतारा।

## संक्षेप खबर

### सीनियर सिटीजन को सरकार की सौगात, 60 साल से ऊपर के बुजुर्गों को मिलेगा आयुष्मान का सुरक्षा कवच

**गाजियाबाद**। उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश के सीनियर सिटीजन को एक बड़ी राहत दी है। अब 60 वर्ष या उससे अधिक उम्र के बुजुर्गों के भी आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे, जिससे उन्हें 5 लाख तक की नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सकेगा। यह निर्णय प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत लिया गया है। इस संबंध में चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने राज्य के सभी जिलाधिकारियों और मंडलायुक्तों को स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं कि 60+ आयु वर्ग के सभी पात्र व्यक्तियों को योजना में शामिल किया जाए। प्रदेश शासन के पास उपलब्ध राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के डेटा के अनुसार प्रदेश में करीब 11.74 लाख परिवारों में ऐसे सदस्य हैं जो 60 वर्ष या उससे अधिक उम्र के हैं। सरकार की इस पहल से सामाजिक सुरक्षा को नई दिशा मिलेगी और आयुष्मान भारत योजना का दायरा भी और व्यापक होगा।

### दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे की सर्विस रोड बनी जलपथ, तालाब-हर बरसात में डूब जाता है सिस्टम

**गाजियाबाद**। दिल्ली–मेरठ एक्सप्रेसवे की सर्विस रोड पर बम्हेटा गांव के सामने एक बार फिर जलभराव ने सिस्टम की पोल खोल दी है। लगातार बारिश के चलते सड़क पूरी तरह तालाब में तब्दील हो चुकी है, और हालात ऐसे हैं कि सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में सड़क का कोई अता–पता नहीं दिखता सिर्फ पानी ही पानी। इस मार्ग से रोजाना हजारों लोग गुजरते हैं, जिनमें बुजुर्ग, महिलाएं, बच्चे, साइकिल सवार व ऑफिस जाने वाले लोग शामिल हैं। लेकिन बारिश के साथ ही यह सड़क किसी दुर्गम नदी जैसी चुनौती बन जाती है। स्थानीय निवासी दिनेश यादव बताते हैं कि यह कोई नई समस्या नहीं है। हर बरसात में यही होता है, लेकिन आज तक कोई स्थायी समाधान नहीं हुआ। पानी निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है और प्रशासन आंख मूंदे बैठा है। लोगों ने नगर निगम व संबंधित प्रशासन से जल्द से जल्द जलनिकासी की स्थायी व्यवस्था करने की मांग की है। उनका साफ कहना है कि बरसात उनके लिए मुसीबत न बने, इसके लिए ठोस कदम उठाए जाएं।

### दो बाइकों की टक्कर में युवक की मौत, तीन घायल

**गाजियाबाद**। थाना लोनी क्षेत्र के चिरौड़ी रोड पर पहलवान ढाबे के सामने सोमवार को दो बाइकों की आमने–सामने की जोरदार टक्कर हो गई, जिसमें चार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। इनमें से एक युवक रामचरण (निवासी) की मौत हो गई है, जबकि संतोष की हालत चिंताजनक बनी हुई है और उसे दिल्ली के जीटीबी अस्पताल रेफर कर दिया गया है। घायलों की पहचान संतोष, रामचरण, रेहान और सरफराज के रूप में हुई है। रेहान और सरफराज को पास के गायत्री अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रामचरण को लोनी के 50 शय्या अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया। रामचरण के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस पंचायतनामा की कानूनी कार्रवाई कर रही है और दुर्घटना के कारणों की जांच जारी है। घटना के बाद क्षेत्र में शांति बनी हुई है, लेकिन स्थानीय लोग सड़क पर सुरक्षा उपायों की कमी को लेकर नाराज हैं। लोगों की मांग है कि इस मार्ग पर तेज रफ्तार व ट्रैफिक व्यवस्था पर कड़ी निगरानी हो, ताकि ऐसे हादसे दोबारा न हों।

# नगर निगम की बोर्ड बैठक में नारेबाजी, प्रस्ताव की प्रतियां फाड़ी गईं, बैकफुट पर आए महापौर और अफसर

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद**। महंगाई से जूझ रही जनता पर नगर निगम द्वारा हाउस टैक्स में भारी वृद्धि के फैसले ने अब सियासी बवंडर खड़ा कर दिया है। सोमवार को नगर निगम कार्यालय में आयोजित विशेष बैठक हंगामे और विरोध प्रदर्शनों की भेंट चढ़ गई, जब नगर निगम के पार्षदों ने एकजुट होकर इस निर्णय के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। बैठक के दौरान विपक्ष ही नहीं, कई सत्तापक्ष के पार्षदों ने भी प्रशासन पर तीखे प्रहार किए, और हाउस टैक्स बढ़ोतरी को जनविरोधी, अन्यायपूर्ण और असंवेदनशील करार दिया। बैठक में पार्षदों ने टेबल ठोंककर, नारेबाजी करते हुए कहा कि जब जनता पहले से ही बिजली, पानी, राशन और पेट्रोल की बढ़ती कीमतों से हलकान है, ऐसे में टैक्स बढ़ाना आम आदमी के साथ सीधा धोखा है। कुछ पार्षदों ने तो आक्रोश में आकर प्रस्ताव की प्रतियां फाड़ दीं और अध्यक्षीय मंच तक पहुंचने की कोशिश की, जिससे सभागार का माहौल पूरी तरह तनावपूर्ण हो गया। पार्षदों के एकजुट विरोध और जनता के गुस्से की गूंज को देखते हुए महापौर और अधिकारी जवाब देने से बचते नजर आए। माहौल को बिगड़ता देख अतिरिक्त सुरक्षा कर्मियों को भी सभागार में तैनात किया गया। स्थिति इतनी बिगड़ी कि बैठक को स्थगित कर देना पड़ा, और पार्षदों ने अलग से बैठक कर आंदोलन की रणनीति बनानी शुरू कर दी है। अंदरूनी सूत्रों के मुताबिक, यदि मांगें नहीं मानी गईं तो पार्षद सड़क पर उतरकर प्रदर्शन कर सकते हैं। महापौर सुनीता दयाल ने कहा कि वह भी संपत्ति कर बढ़ाने के पक्ष में नहीं है। लिहाजा सदन के निर्णय के अनुसार डीएम सर्किल रेट के आधार पर संपत्ति कर बढ़ाने का प्रस्ताव निरस्त किया जाता है। महापौर ने कहा कि दो महीने में शहर की सभी संपत्ति की जांच की जाएगी और हर छूटी संपत्ति को टैक्स के दायरे में लाया जाएगा। माल समेत हर बड़ी संपत्ति की जांच होगी। अब पुरानी दर से ही संपत्ति पर टैक्स लगेगा, जो लोग हाउस टैक्स जमा कर चुके हैं उनका पैसा अगले बिल में समायोजित होगा। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों ने दो और तीन मंजिल मकान बना लिए लेकिन वह केवल एक मंजिल का ही टैक्स दे रहे हैं। अब जितनी मंजिल होंगी उतना ही टैक्स लगेगा। टैक्स लगने के बाद पार्षद सिफारिश करने आते हैं। पार्षदों से अनुरोध हैं कि वह टैक्स पर सिफारिश न करें। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि पुरानी दर से ही टैक्स लगना चाहिए। टैक्स में जो विसंगति है उनमें सुधार होना चाहिए।

सभी की जिम्मेदारी तय की जाए। पुरानी दर से ही टैक्स लगना चाहिए। पार्षदों को अपनी आवाज उठाने का हक है। पार्षदों पर दबाव न डाला जाए। शहर विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि जनता की मांग सर्वोपरि है। लोगों के पास टैक्स के ज्यादा बिल आ रहे हैं।

# किन्नरों के दो गुटों में फिर भड़का 'बधाई क्षेत्र' विवाद, पुलिस ने देर रात कराया समझौता

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। जनपद के मोदीनगर क्षेत्र में किन्नरों के बीच 'बधाई मांगने' के क्षेत्र को लेकर लंबे समय से चल रहा विवाद एक बार फिर रविवार को थाने तक पहुँच गया। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर सीमा उल्लंघन, जबरन वसूली और धमकाने के गंभीर आरोप लगाए। मोदीनगर थाना परिसर में जमकर हंगामा हुआ, जिसे एसएचओ की मध्यस्थता से शांत कराया गया। इस विवाद की पृष्ठभूमि बेहद गंभीर है। चार महीने पहले ढोलक बजाने वाले युवक अलबक्ष की हत्या भी इसी विवाद की कडि ?ों से जुड़ी थी। इसके बावजूद न तो आपसी सहमति बनी, न ही तनाव खत्म हुआ।

किन्नर गोपाल रविवार को अपने साथियों के साथ मोदीनगर थाने पहुंची। उन्होंने आरोप लगाया कि कलवा गांव कादराबाद क्षेत्र, जो कथित तौर पर उनका कार्यक्षेत्र है, वहां प्रतिद्वंद्वी किन्नर जबरन बधाई वसूली कर रहा है। गोपाल ने पुलिस से कड़ी कार्रवाई की मांग की। इसी बीच दूसरे पक्ष के किन्नर भी अपने साथियों के साथ थाने पहुंचे और गोपाल गुट पर गंभीर आरोप लगाते हुए जवाबी कार्रवाई की मांग की। दोनों ओर से कई बार तीखी झड़प और शोर-शराबा हुआ, जिससे थाना परिसर का माहौल तनावपूर्ण हो गया। स्थिति को बिगड़ता देख मोदीनगर के एसएचओ तुरंत मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षों को समझाकर किसी तरह तनाव को टाल दिया। देर तक चली बातचीत के बाद दोनों गुट फिलहाल शांत होकर थाने से लौट गए। हालांकि मामला अभी भी प्रशासन के लिए सिरदर्द बना हुआ है। चार महीने पहले हुई हत्या के बावजूद स्थायी समाधान नहीं खोज पाना प्रशासन की लापरवाही को दशार्ता है। अब जरूरत है कि जिले में किन्नर समुदाय के बीच क्षेत्र निर्धारण और आपसी सहमति के स्पष्ट दिशानिर्देश तय किए जाएं, ताकि बार-बार की ये टकराहटें कानून-व्यवस्था के लिए चुनौती न बनें।

# 10 करोड़ की डकैती का आरोपी मुठभेड़ में दबोचा, अवैध असलहा बरामद

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद**। 2023 में 10 करोड़ की डकैती को अंजाम देने वाला शातिर अपराधी जितेंद्र आखिरकार पुलिस की गिरफ्त में आ गया। रविवार देर रात कवि नगर थाना क्षेत्र स्थित डायमंड तिराहे पर चेकिंग के दौरान पुलिस और आरोपी के बीच मुठभेड़ हुई। भागने की कोशिश में आरोपी ने पुलिस पर फायरिंग की, जिसके जवाब में की गई आत्मरक्षात्मक कार्रवाई में उसके पैर में गोली लग गई। घटना रात 29-30 जून के बीच की है। चेकिंग के दौरान एक चार पहिया संदिग्ध वाहन डायमंड तिराहे पर आते देखा गया। रोकने की कोशिश पर गाड़ी अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। गाड़ी से निकलते ही आरोपी ने पुलिस पर गोलियां चलाईं। पुलिस ने मानवाधिकारों का पालन करते हुए आत्मरक्षा में फायरिंग की, जिससे वह घायल हो गया। प्राथमिक जांच में आरोपी की पहचान जितेंद्र के रूप में हुई, जिस पर 1.5 करोड़ की लूट सहित कई संगीन मामले दर्ज हैं। एसीपी भास्कर वर्मा ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने 2023 की हाई-प्रोफाइल डकैती में शामिल होने की बात कबूल की है, जिसकी कुल रकम करीब 10 करोड़ थी। मौके से एक पिस्तौल, एक जिंदा कारतूस और एक खाली कारतूस भी बरामद किया गया है। आरोपी को तुरंत उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया, जहां उसका इलाज जारी है। एसीपी कविनगर भास्कर वर्मा ने कहा कि गाजियाबाद पुलिस अपराध मुक्त शहर के लक्ष्य पर काम कर रही है। जनता की सुरक्षा सर्वोपरि है और अपराधियों को छोड़ा नहीं जाएगा।

# रालोद में 100 से अधिक लोगों ने थामा हाथ, सदस्यता अभियान में उमड़ा जनसैलाब

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद**। राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) ने अपने सदस्यता अभियान कार्यक्रम के तहत मोदीनगर में एक सशक्त राजनीतिक उपस्थिति दर्ज कराई, जब 100 से अधिक लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद डॉ. रामकुमार सांगवान शामिल हुए। उनका स्वागत सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अमरजीत सिंह बिड्डी ने किया। कार्यक्रम के दौरान पार्टी नेताओं ने रालोद की नीतियों और विचारधारा को लेकर विस्तार से चर्चा की। कहा गया कि पार्टी हर वर्ग, विशेषकर किसानों और मजदूरों की आवाज को सदैव बुलंद करती रही है। डॉ. रामकुमार सांगवान ने कहा, आज देश को एक ऐसे वैकल्पिक नेतृत्व की जरूरत है जो जमीनी स्तर पर जनता की बात समझे और उठाए रालोद यही भूमिका निभा रही है। सदस्यता अभियान को लेकर रालोद अब ब्लॉक और गांव स्तर तक अपनी संगठनात्मक जड़ें मजबूत करने की रणनीति पर काम कर रही है। रविवार का आयोजन इस दिशा में सकारात्मक संकेत माना जा रहा है। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष रामपाल चौधरी, तेजपाल सिंह, कुंवर अय्यूब अली, रणवीर दहिया, अजय प्रमुख, सुमन चौधरी, योगेन्द्र पतला, जयवीर नेहरा, विनोद गौतम आदि मौजूद रहे।

# कांवड़ यात्रा को लेकर अलर्ट मोड में पुलिस-प्रशासन

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद**। कांवड़ यात्रा 2025 को लेकर गाजियाबाद पुलिस-प्रशासन सतर्क मोड में आ गया है। सोमवार को पुलिस कमिश्नर जे. रविंद्र गौड़ एवं जिलाधिकारी दीपक मीणा ने संयुक्त रूप से कांवड़ मार्ग का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने यात्रा मार्ग पर चौकियों, कोतवाली, गंगनहर घाट व कंट्रोल रूम की तैयारियों की गहन समीक्षा की और मौके पर मौजूद अधिकारियों को स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने यातायात प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था, चिकित्सा सेवाएं, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था और संचार तंत्र जैसी व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। पुलिस आयुक्त श्री गौड़ ने कहा कि यात्रा मार्ग पर यातायात कहीं से भी बाधित न हो और श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोपरि रखी जाए। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने कहा कि कांवड़ यात्रा में लाखों की संख्या में श्रद्धालु हिस्सा लेते हैं, ऐसे में हर विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि हर पड़ाव पर चिकित्सा सुविधा, शुद्ध पेयजल व अन्य मूलभूत व्यवस्थाएं उपलब्ध कराई जाएं, ताकि किसी भी आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके। निरीक्षण के दौरान प्रशासन एवं पुलिस के कई वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

इनमें अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) रणविजय सिंह, एडिशनल पुलिस कमिश्नर आलोक प्रियदर्शी, डीसीपी देहात सुरेन्द्र नाथ तिवारी, एडिशनल डीसीपी सच्चिदानंद, एसीपी जियाउद्दीन अहमद, ज्ञान प्रकाश राय, लिपि नागायच व श्रीमती पूनम मिश्रा सहित अन्य अधिकारी शामिल थे।

# दवा व्यापारियों ने हाउस टैक्स के विरोध में दिया गया ज्ञापन, व्यापारियों ने राहत की रखी मांग

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद**। नगर निगम द्वारा आवासीय और व्यावसायिक परिसरों पर लगाए जा रहे अत्यधिक कर (हाउस टैक्स) के विरोध में अब व्यापारियों ने मोर्चा खोल दिया है। सोमवार सुबह 11 बजे गाजियाबाद केमिस्ट एसोसिएशन के नेतृत्व में दवा व्यापारियों का प्रतिनिधिमंडल नवयुग मार्केट स्थित नगर निगम कार्यालय पहुंचा, जहां उन्होंने अपर नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर टैक्स में राहत की मांग की। इस मौके पर गाजियाबाद केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष राजदेव त्यागी के मार्गदर्शन में संगठन ने शांतिपूर्ण एवं संगठित ढंग से अपना विरोध दर्ज कराया। उन्होंने कहा कि व्यापारियों पर पहले से ही आर्थिक दबाव है और ऐसे में भारी-भरकम टैक्स न केवल अन्यायपूर्ण है बल्कि व्यापारिक गतिविधियों को बाधित करने वाला भी है। ज्ञापन में मांग की गई कि टैक्स निर्धारण की वर्तमान प्रणाली में सुधार किया जाए और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर लगाए गए अतिरिक्त भार को तर्कसंगत बनाया जाए। व्यापारियों का कहना है कि वे शहर के विकास में भागीदार हैं लेकिन उन पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालना अनुचित है। ज्ञापन देने वालों में महामंत्री जयदीप गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष यशवनी कुमार, अनुज गर्ग, हेमंत त्यागी, कुलदीप (राजनगर), वेद गंभीर (फार्मा), अंशुल कुमार, अनिल गुप्ता, अतुल, हेमंत, अनिल शर्मा, अरविंद कुमार, रमेश आनंद, जेपी जैन सहित बड़ी संख्या में दवा व्यापारी उपस्थित रहे।